Parents As Career Transition Support

PACTS™

Hindi

# वर्कशॉप हैंडबुक 2014

## बहुसांस्कृतिक समुदायों के लिए



YOUTHCONNECT
Education • Employment • Youth Services

Brotherhood of St Laurence
Working for an Australia free of poverty

Youth Connect और Brotherhood of St Laurence द्वारा मई 2014 में अपडेट की गई
अंतिम बार Youth Connect द्वारा जून 2014 में अपडेट की गई

और अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

Youth Connect
Career & Transition Programs
Level 3
1001 Nepean Highway
Moorabbin Victoria 3189

टेलीफोन (03) 8306 6300
pacts@youthconnect.com.au
www.youthconnect.com.au

© Youth Connect Inc. 2014
अनुमोदित PACTS प्रशिक्षकों को अनुमति दी जाती है कि वह स्थानीय संदर्भ (उदाहरणत: पाठ्यक्रम, संपर्क संस्थाएँ, आदि) के लिए लागू विवरणों को शामिल करके इस हैंडबुक को रुपान्तरित कर सकते हैं, बशर्ते कि रुपान्तरित संस्करण में स्रोत का आभार प्रकट किया जाता हो।

कॉपीराइट अधिनियम के तहत अनुमति-प्राप्त व्यक्तिगत अध्ययन, अनुसंधान, विवेचना, या समीक्षा के प्रयोजन के लिए निष्पक्ष व्यवहार के अलावा किसी अन्य प्रतिलिपि से संबंधित पूछताछ Daniela Ascone, जनरल मैनेजर, Youth Connect को d.ascone@youthconnect.com.au या 03 8306 6300 पर संबोधित की जानी चाहिए।

*यह प्रोजैक्ट ऑस्ट्रेलियन सरकार के शिक्षा विभाग की मेकिंग करियर कनेक्शन्स पहल के माध्यम से समर्थित है।*




स्कूली पढ़ाई समाप्त करके रोज़गार के संसार में प्रवेश करने की योजना बनाना रोचक होता है। परन्तु यह पेचीदा भी हो सकता है। बहुत से विकल्प उपलब्ध होते हैं और कई निर्णय लिए जाने होते हैं। ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों में किए गए अध्ययन दर्शाते हैं कि युवा लोग अक्सर कार्य, करियर और शिक्षा संबंधी सहायता और परामर्श के लिए अपने माता-पिता पर निर्भर रहते हैं।

बहुत से माता-पिता सहायता करने हेतु तत्पर होते हैं परन्तु वह इस बात को लेकर अनिश्चित होते हैं कि उनके बच्चों के लिए कौन से विकल्प और कैसी सहायता उपलब्ध है।

Parents As Career Transition Support (PACTS) वर्कशॉप्स आपको आपके बच्चों द्वारा अपने करियर के लिए अपने स्वप्नों और लक्ष्यों को पूरा करने हेतु चयन किए जा सकने वाले विभिन्न मार्गों से संबंधित अप-टू-डेट (नवीन) जानकारी प्रदान करेंगी। वर्कशॉप में भाग लेने के पश्चात आप इस संबंधी और अधिक जानकारी प्राप्त करेंगे/करेंगी कि अलग-अलग प्रकार के कार्यों और अध्ययन के लिए कौन से विकल्प उपलब्ध हैं तथा साथ ही यह भी कि अपने बच्चों के लिए समर्थन और सहायता कैसे प्राप्त की जानी चाहिए ताकि वह अपने भविष्य के लिए श्रेष्ठ निर्णय ले सकें।

*इस पुस्तक में हमने 'माता-पिता' शब्द का प्रयोग दादा-दादी, नाना-नानी, आँटियों और अंकलों, पारिवारिक मित्रों, दत्तक अभिभावकों और पालन-पोषण करने वाले अभिभावकों सहित सभी देखरेखकर्ताओं को शामिल करने के लिए किया है। हमने 'परिवार' शब्द का प्रयोग भी व्यापक रूप से रिश्तेदारों, मित्रों और युवा व्यक्ति के जीवन में सभी दूसरे महत्वपूर्ण लोगों को शामिल करने के लिए किया है।*

***'इसने हमारी आँखें खोल दी हैं कि कौन से विकल्प मौजूद हैं, अब हमें अपने दो छोटे बच्चों की मदद करने के लिए और अधिक जानकारी प्राप्त है'***

*कक्षा 8 में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी के माता-पिता जिन्होंने PACTS वर्कशॉप्स में भाग लिया*

इस हैंडबुक में प्रदान की गई सारी जानकारी संरचना के समय सही है

# विषय सूची


पहली वर्कशॉप – करियर का चयन करने में अपने बच्चों की मदद कैसे करें ........ 5

वर्कशॉप संबंधी दिशा-निर्देश ........ 5

प्रस्तावनाएँ ........ 5

करियर: जीवन भर का सफर ........ 6

माता-पिता की 7 भूमिकाएँ ........ 8

अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ शिक्षा और करियर के बारे में बात करना ........ 8

अपने बच्चे/अपनी बच्ची के बारे में सोचना – महत्वाकांक्षाएँ, रुचियाँ और योग्यताएँ ........ 10

रूचि के क्षेत्रों की सूची बनाना ........ 12

ऑस्ट्रेलिया में रोज़गार के प्रकार ........ 13

सहायता प्राप्त करने के स्थल ........ 14

दूसरी वर्कशॉप – करियर मार्ग और ट्रांज़िशन (अवस्थांतर) सेवाएँ ........ 16

स्कूली पढ़ाई समाप्त करने के पश्चात मैं क्या करना चाहता/चाहती हूँ? ........ 16

मुझे जानकारी कहाँ से प्राप्त हो सकती है? ........ 16

शिक्षा एवं प्रशिक्षण के विकल्प ........ 17

स्कूल के पश्चात ........ 19

उन्हें हाइ फाइव (पांच उपयोगी सुझाव) दें ........ 22

तीसरी वर्कशॉप - नौकरियाँ ........ 23

नौकरी तलाशना – इसे कैसे करना चाहिए ........ 23

युवा लोग और टेलीफोन ........ 31

नौकरी तलाशने में मदद करने वाली संस्थाएँ और सेवाएँ ........ 31

करियर और ट्रांज़िशन (अवस्थांतर) कार्यक्रम ........ 32

योग्यताओं का अभाव ........ 33

पहली नौकरी – प्रत्येक युवा कार्यकर्ता को क्या जानकारी होनी चाहिए ........ 34

बात बिगड़ जाने की परिस्थिति में संरक्षण और सहायता ........ 34

कार्यक्षेत्र में डराने-धमकाने वाले, हिंसात्मक और भेदभावपूर्ण व्यवहार ........ 35

शब्दावली ........ 37

उपयोगी वेबसाइट्स ........ 38


**ध्यान दें: वर्कशॉप की सभी गतिविधियों को इस चिन्ह द्वारा दर्शाया गया है**



# पहली वर्कशॉप – करियर का चयन करने में अपने बच्चों की मदद कैसे करें


1. **वर्कशॉप संबंधी दिशा-निर्देश**
2. **प्रस्तावनाएँ**
3. **करियर : जीवन भर का सफर**
4. **माता-पिता की 7 भूमिकाएँ**
5. **अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ शिक्षा और करियर के बारे में बात करना**
6. **अपने बच्चे/अपनी बच्ची के बारे में सोचना – महत्वकांक्षाएँ, रुचियाँ और योग्यताएँ**
7. **ऑस्ट्रेलिया में रोज़गार के प्रकार**
8. **सहायता प्राप्त करने के स्थान**


## वर्कशॉप संबंधी दिशा-निर्देश

यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी समूह के रूप में मुलाकात करने के कुछ आम सिद्धांतों और इस बात को समझते हैं कि हम किस प्रकार श्रेष्ठ रूप से मिलकर काम कर सकते हैं और एक दूसरे की मदद कर सकते हैं।
निम्नलिखित वक्तव्य प्रत्येक PACTS वर्कशॉप के लिए दिशा-निर्देशों को दर्शाते हैं:

- हमारा लक्ष्य आनन्दायक और मनोरंजनात्मक तरीके से इस वर्कशॉप के उद्देश्यों को हासिल करने हेतु मिलकर काम करना है
- हम में से प्रत्येक के पास सांझा करने हेतु अनूठा अनुभव है
- हम में से प्रत्येक के पास सीखाने और सीखने के लिए कुछ है। यदि हम नए अनुभवों और विचारों के प्रति दिल खुला रखते हैं और एक दूसर के संसाधन बनते हैं, तो ऐसा करने से मदद मिलेगी
- संपूर्ण सहभागिता हमारे लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी, परन्तु कभी-कभार भाग न लेने का विकल्प हमेशा उपलब्ध रहेगा
- अपने आप को चुनौती देने हेतु छोटे खतरे उठाने आपकी और आपके समूह की शिक्षा में वृद्धि करेंगे
- हमारे द्वारा चर्चा की जाने वाली बातों को गोपनीय रखने से विश्वास की भावना पैदा होगी
- नि:संकोच प्रश्न पूछें

## प्रस्तावनाएँ

✎ चलिए एक दूसरे के बारे में और अपने बच्चों के बारे में कुछ जानें।

1. आपका नाम और आपके बच्चे/आपकी बच्ची का नाम?
2. आपके बच्चे/आपकी बच्ची का स्कूल में मनपसंदीदा विषय कौन सा है?
3. आपका बच्चा/आपकी बच्ची स्कूल के बाहर क्या करना सबसे पसंद करता/करती है?
4. आपकी राय में, आपके बच्चे/आपकी बच्ची की सबसे बड़ी क्षमता क्या है – उनकी श्रेष्ठ विशेषता/प्रतिभा? (क्या वह ईमानदार, दयालु, रचनात्मक, खेलों/कला में अच्छे हैं? आदि – केवल एक विकल्प का चयन करें!)
5. आपके बच्चे/आपकी बच्ची की सबसे बड़ी योग्यता क्या है – वो कार्य जिसे वह वास्तव में बहुत अच्छे से करते हैं? नृत्य, फुटबाल खेलना, एक दूसरे की मदद करना, गणित में गुणी, अच्छे वक्ता?

# करियर: जीवन भर का सफर

21वीं सदी में ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देशों में करियर का चुनाव करना कोई ऐसा कार्य नहीं है जिसे आप केवल स्कूली पढ़ाई समाप्त करते समय ही करते/करती हैं। इसकी बजाए, यह एक जीवन भर का सफर है। लोगों द्वारा अब कई बार करियर बदलना आम बात है।

कुछ खुशकिस्मत लोगों को छोटी उम्र से ही यह पता होता है कि वह करियर के रूप में क्या करना चाहते हैं परन्तु हम में से अधिकांश लोग कभी भी 100% निश्चित नहीं होते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए, सही करियर का पता लगाने में समय लगता है। इसकी शुरुआत बहुत से विचारों से होती है और इसमें पूरे रास्ते ***बहुत अन्वेषण*** करने की आवश्यकता होती है।

करियर किसी नौकरी या व्यवसाय से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इसमें हमारे द्वारा आजीवन प्राप्त शिक्षा और आजीवन की गई नौकरियाँ (वैतनिक तथा अवैतनिक दोनों) शामिल हैं। चलिए इस दस्तावेज़ में हमारे द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कुछ मुख्य शब्दों पर ध्यान दें ताकि इनके बारे में हम सभी की समझ एक समान हो।

करियर: हमारे द्वारा आजीवन की जाने वाली सभी वैतनिक तथा अवैतनिक नौकरियाँ, शिक्षा-प्राप्ति और जीवन की भूमिकाएँ।

व्यवसाय: विभिन्न उद्योगों या संस्थाओं में समान नौकरियों का एक समूह।

नौकरी: वो पद जिसमें भुगतान प्राप्ति के लिए हम कार्य करते हैं।

करियर के क्षेत्र: व्यवसायों और उद्योगों का एक समूह।




हमारे करियर को कई चीज़ें प्रभावित करती हैं, जैसे कि हमारी रूचियाँ, हमारी आयु, हमारी शिक्षा, हमारे परिवार, हमारी सांस्कृतिक मान्यताएँ और आर्थिक, भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियाँ।

करियर बनाने के दो तरीके होते हैं। आप पहले से योजना बना सकते/सकती हैं और फिर उसके अनुसार करियर बनाना शुरु कर सकते/सकती हैं या फिर इसका निर्माण आप अपने आप होने दे सकते/सकती हैं।

अपने करियर का निर्माण अपने आप होने देने की बजाए यह प्रत्येक युवा व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह इसके निर्माण की प्रक्रिया की व्यवस्था सक्रिय रूप से करें। उनको आपकी मदद से अपने जीवन भर के सफर की योजना बनाने और इसकी व्यवस्था करने की ज़रुरत होगी।

यद्यपि आपके बच्चे अपनी रूचियों और योग्यताओं के आधार पर करियर के विकल्प लेने वाले श्रेष्ठ व्यक्ति होते हैं, पर उन्हें आगे की योजना बनाने और नौकरी एवं पढ़ाई के लिए लक्ष्यों को निर्धारित करने हेतु मदद की आवश्यकता होती है, योजना बनानी शुरु करने में उन्हें आपकी सहायता और आपके समर्थन की आवश्यकता होती है।

और अधिक जानकारी के लिए देखें: [www.myfuture.edu.au](http://www.myfuture.edu.au) Getting Started > What is a career? पर जाएँ







## करियर से संबंधित तीन झूठी बातें (तीन मिथ्याएँ) और तीन सच्ची बातें (तीन तथ्य)

**पहली मिथ्या:** यदि मेरा बच्चा/मेरी बच्ची स्कूली पढ़ाई समाप्त करने के तुरंत बाद किसी कोर्स को पूरा नहीं करती है, तो उसे ऐसा करना का अवसर दोबार नहीं मिलेगा और वह उस करियर विकल्प को आगे बढ़ाने के अवसर को बर्बाद कर देंगे।
**पहला तथ्य:** कभी-कभार युवा लोगों को यह पता नहीं होता है कि वह क्या करना चाहते हैं या वह स्कूली पढ़ाई आगे जारी रखने के लिए तैयार नहीं होते हैं। अथवा वह महज़ पहले नौकरी करके पैसे कमाना या फिर भ्रमण पर जाना चाह सकते हैं। जैसा कि आप निम्न उदाहरण से देख सकते/सकती हैं, ऑस्ट्रेलिया में लोगों द्वारा अपने जीवन के बाद के चरण में दोबार पढ़ाई करना आम बात है। शिक्षा-प्राप्ति ऑस्ट्रेलिया में आजीवन हो सकती है, जब भी लोग पढ़ाई करने के लिए खुद को तैयार महसूस करें या अपनी करियर दिशा को बदलने का निर्णय लें – ऐसा कभी-कभी उनके 25, 35, 45 या यहाँ तक कि 55 वर्ष के होने पर होता है।

इसका यह अर्थ नहीं है कि आप इस बात को लेकर चिंतित नहीं होंगे/होंगी कि क्या उन्होंने सही निर्णय लिया है और इसके फलस्वरूप आपके और आपके बच्चे/आपकी बच्ची के बीच कुछ विवाद पैदा हो सकता है। आपके लिए इसके बारे में अपने सहायकों के साथ पूर्ण रूप से बात करना और यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि ऐसा हो सकता है कि आपके बच्चे/आपकी बच्ची ने अपने लिए सही निर्णय लिया हो, इसे इस प्रकार लेना उचित नहीं है कि उन्होंने आपके स्वप्नों को उपेक्षित किया है। हर पीढ़ी को अपने स्वप्नों का निर्माण करने और उन्हें पूरा करते हुए जीवन व्यतीत करने का अधिकार है।

***Sam (सैम) का सफ़र***

*Sam को कारों के साथ खेलना पसंद है। वह एक रेसिंग कार ड्राइवर बनना चाहता है। उसकी नौकरी Go Cart (गो कार्ट) ट्रैक में लग जाती है। जैसे-जैसे उसकी उम्र बढ़ती है उसे महसूस होता है कि वह लोगों की मदद करना चाहता है। वह ऐम्बुलेंस ऑफिसर बनने का निर्णय लेता है। कई वर्षों बाद, Sam का विवाह हो जाता है। वह शिफ्टों में काम करना बंद करने का निर्णय लेता है क्योंकि वह अपने परिवार के साथ और समय बिताना चाहता है। वह वापस पढ़ाई करके एक सामाजिक कार्यक्रता बन जाता है।*


**दूसरी मिथ्या:** अधिकांश लोगों का अपने पूरे कामकाजी जीवन में केवल एक ही करियर होता है। एक ही नौकरी (व्यवसाय) से न जुड़े रहना उस व्यक्ति में वचनबद्धता की कमी को दर्शाता है।
**दूसरा तथ्य:** ऑस्ट्रेलिया में अधिकांश लोग अपने कामकाजी जीवन के दौरान अब केवल नौकरियाँ ही नहीं बल्कि औसतन पांच बार करियर भी बदलते हैं। Sam की उपरोक्त उदाहरण इस बात की मिसाल है। पुराने समय में, लोग लम्बे समय तक एक ही नौकरी करते रहते थे और कभी-कभार उन्हें अपनी सेवा के लिए सोने की घड़ी (गोल्ड वॉच) दी जाती थी, पर ऐसी नौकरियाँ अब दुर्लभ हैं। आजकल, एक प्रकार या भिन्न प्रकार का कार्य करते हुए एक कम्पनी से दूसरी कम्पनी में स्थानांतरण करना यह दर्शाता है कि लोग नई योग्यताओं का विकास करना तथा अपने अनुभवों का विस्तार करना चाहते हैं और इस विभिन्नता के फलस्वरूप उन्हें प्रबंधकीय वर्ग की भूमिकाएँ प्राप्त हो सकती हैं।



**तीसरी मिथ्या:** स्कूल यह पता लगाएगा कि मेरे बच्चे/मेरी बच्ची का करियर मार्ग क्या होना चाहिए।
**तीसरा तथ्य:** आपके बच्चे/आपकी बच्ची को स्कूल, माता-पिता और समुदाय की मदद से इसका पता लगाना होगा। स्कूल सूचना प्रदान करके मदद कर सकते हैं। अधिकांश स्कूलों में एक करियर सलाहकार होता है। ऑस्ट्रेलिया में, माता-पिता द्वारा स्कूली कार्य में अपने बच्चों की सहायता करने हेतु भूमिका निभाने के साथ-साथ बच्चों की इच्छानुसार करियर की योजना बनाने में उनकी मदद करने हेतु एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना शामिल है। यह आपके स्वदेश से भिन्न हो सकता है, जहाँ स्कूल या टीचर ही ऐसा एकमात्र स्थान या व्यक्ति होता है जिसकी ऐसा करने की जिम्मेदारी होती है। ऑस्ट्रेलिया में स्कूल यह प्रत्याशा करते हैं कि आप भी इस कार्य में भूमिका निभाएँ।


**हमारे बच्चे तो हमेशा हमारे लिए बच्चे ही रहेंगे चाहे वह 4 वर्ष के हों या 24 वर्ष के हों। माता-पिता के तौर पर हम देखरेख करने, प्रोत्साहन और प्रशिक्षण देने की भूमिका निभा सकते हैं। हम उनकी बात सुन सकते हैं और उनसे उचित प्रश्न पूछ सकते हैं ताकि उन्हें आगे की योजना बनाने और अपनी योजनाओं को हासिल करने हेतु कार्य करने में मदद मिल सके।**

# माता-पिता की 7 भूमिकाएँ



हम अपने बच्चों से करियर को लेकर किस प्रकार बात करते हैं, वह उनके व्यक्तित्व, उनकी आयु और मौजूदा परिस्थिति पर निर्भर करता है। माता-पिता के तौर पर, हमारे लिए विभिन्न तरीकों से उन्हें सहायता देने में सक्षम होना आवश्यक है।

1. **शिक्षा देना**
   हम बच्चों को कौशल और ज्ञान की शिक्षा देते हैं जिससे उन्हें अपने जीवन में सहायता मिल सके।
2. **सुनना**
   हम बच्चों के दृष्टिकोण से उनकी बातें सुनते और समझते हैं। हम अपने आँख व कान खुले रखते हैं ताकि हमें यह जानकारी रहे कि हमारे बच्चों के जीवन में क्या चल रहा है और हम उनकी समस्याओं और चिंताओं को सुनते हैं।
3. **संरक्षण करना**
   हम छोटी आयु से ही बच्चों की देखरेख और उनका संरक्षण करते हैं। हम उनके लिए उन समस्याओं का समाधान करते हैं जिनका समाधान करने के लिए अभी वह बहुत छोटे हैं।
4. **समर्थन करना**
   हम उनका समर्थन और उनकी देखरेख करते हैं और आवश्यकतानुसार उनकी मदद करते हैं। हम बच्चों को उनके अनुभवों और जीवन की कठिन घड़ियों से सीख प्राप्त करने देते हैं।
5. **प्रोत्साहन करना**
   हम बच्चों में विश्वास पैदा करने में मदद करते हैं ताकि वह सीखें, बेहतर बनें और विकास करें।
6. **सीमाएँ निर्धारित करना**
   हम बच्चों पर सीमाएँ निर्धारित करते हैं ताकि उन्हें समुदाय में सुरक्षित होने और दूसरे के साथ अच्छा आचरण करने में मदद मिल सके।
7. **खेलना और मज़ा करना**
   हम अपने बच्चों के साथ खेलते और मज़ा करते हैं ताकि हम उनके साथ बढ़िया सम्बन्ध स्थापित कर सकें और एकसाथ मज़ा ले सकें।



अपने बच्चों के करियर नियोजन में उनकी सहायता करने के दौरान उस समय उनकी मदद करने के श्रेष्ठ तरीके के बारे में सोच-विचार करें!

*Parenting Ideas से रुपान्तरित;* www.parentingideas.com.au देखें

अपने किशोरों के साथ चुनौतिपूर्ण मामलों का सामना करने वाले माता-पिता के लिए संसाधन: www.strongbonds.jss.org.au

# अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ शिक्षा और करियर के बारे में बात करना

अधिकांश किशोर यह चाहेंगे कि अपने आने वाले जीवन के बारे में सोच-विचार करते समय उन्हें आपका समर्थन और परामर्श प्राप्त हो। वह नहीं चाहेंगे कि आप उन्हें बतायें कि उन्हें क्या करना चाहिए, पर वह अपनी महत्वकांक्षाओं, लक्ष्यों व योजनाओं के बारे में बैठकर आपसे बातचीत करने के अवसर को सहर्ष स्वीकार करेंगे।



यद्यपि ऐसा हो सकता है कि कुछ माता-पिता को शिक्षा के ऐसे अवसर प्राप्त न हुए हों, परन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि आप कोई परिज्ञान प्रदान नहीं कर सकते/सकती हैं। आपके परिजनों के सफर ने आपको भिन्न-भिन्न चीज़ें सीखने का अवसर दिया है – हम में से हर कोई औपचारिक शिक्षा या कोर्स के माध्यम से नहीं सीखता है। जीवन का अनुभव भी एक उपयोगी शिक्षक होता है!

यद्यपि आपके बच्चों के पास ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा के लिए कई विशेषाधिकार और अवसर होंगे, पर आख़िरकार उन्हें यह निर्णय लेने की ज़रुरत होती है कि अपने शेष जीवन में वह जो हासिल करना चाहते हैं, उसे हासिल करने का श्रेष्ठ तरीका क्या है।

अपने बच्चों के मतों और विचारों को सुनना सबसे महत्वपूर्ण बात है। सामान्यत: यदि आप खुद से उन्हें “यह नौकरी अच्छी नहीं है”, “इस नौकरी में अच्छे पैसे नहीं मिलते हैं” जैसी बातें बताने के बजाए अपने आप इसका पता लगाने देंगे, तो वह भी – अपने आप - इसी निष्कर्ष पर पहुँचेंगे। उन्हें उत्तरदायित्व सीखने और बढ़िया निर्णय लेने में मदद करें और इस बात का स्मरण करायें कि यदि पहली बार सफलता मिलती प्रतीत नहीं होती है, तो दूसरा तरीका खोजें और प्रयास करते रहें।

## बच्चों को उनके करियर की योजना बनाने में मदद कैसे करें

अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ बैठें और कुछ विचारों के बारे में बात करें, उन्हें एकसाथ चित्रित करें या लिखें और फिर उन्हें हासिल करने के श्रेष्ठ तरीकों पर सोच-विचार करें। अपने बच्चों को अवसरों और विचारों का पता लगाने हेतु प्रोत्साहित करें। वह कौन से कोर्स कर सकते हैं? प्रशिक्षण में कितना समय लगेगा? कोर्स का खर्चा क्या होगा?



यदि आपके बच्चे/आपकी बच्ची को यह पता नहीं है कि वह क्या करना चाहता/चाहती है, तो उन्हें उन चीज़ों के बारे में सोचने में सहायता करें कि उन्हें स्कूल और स्कूल से बाहर क्या करना सबसे ज्यादा पसंद है। यदि आप अटक गए/गई हैं: तो चिंता न करें, आप मदद ले सकते/सकती हैं। इसी प्रकार, जब हमारी गाड़ी खराब हो जाती है तो हम दूसरों से मदद का निवेदन करते हैं। इस कार्य के लिए भी सहायता उपलब्ध है।

अपने स्कूल या अपनी स्थानीय काउंसिल युवा सेवा से सहायता और राय लें। यह वैसे भी एक बढ़िया तरीका है, क्योंकि दूसरे लोगों से सुझाव और उनकी राय लेनी सहायक हो सकती है। इससे आपका तनाव भी कम होगा! ऐसा हो सकता है कि स्कूल पर आपके करियर सलाहकार को ऐसे दूसरे विकल्प पता हों जिनके बारे में आपने न सुना हो।

**बच्चों की पांच वर्ष की आयु से लेकर दस वर्ष की आयु तक, माता-पिता की भूमिका में बदलाव होता है कि वह बच्चों के लिए सब कुछ करने की बजाए उन्हें अपने आप से चीज़ें करनी सीखाते हैं।**
**बच्चों के किशोर (टीनैजर) बनने पर माता-पिता की भूमिका फिर बदलती है, क्योंकि अब यह भूमिका शिक्षण की बजाए प्रोत्साहन और मार्गदर्शन देने से संबंधित होती है। यह कुछ कदम पीछे लेते हुए किशोरों को खुद से काम करने देने का अच्छा समय होता है।**

## सबसे महत्वपूर्ण बातें:

1. अपने बच्चों को उत्तरदायित्व लेने दें। नौकरी और पढ़ाई से संबंधित निर्णय लेना वयस्क बनने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।
2. अपने बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वह स्थानीय सामुदायिक संस्थाओं, स्पोर्ट्स क्लबों या आपके समुदाय की अन्य गतिविधियों , धार्मिक संस्थानों (मस्जिद, चर्च आदि) या आपके सामुदायिक समूह में मदद करने हेतु स्वयंसेवी (अपना समय देकर) कार्य करें। यह किसी कार्य के विशेष क्षेत्र में जानने, और अपनी क्षमताओं व कमज़ोरियों का पता लगाने, और साथ ही भविष्य की नौकरी के लिए अपनी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा अनुशंसा किए जाने का एक बढ़िया तरीका है।




3. अपने किशोर (टीनैजर) द्वारा भविष्य की योजना बनाने पर सोच-विचार करने में उसकी मदद करें। अधिकांश लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योजना बनाने की ज़रुरत पड़ती है। कार खरीदने या किसी कोर्स में भर्ती होने के लिए बचत करने का अर्थ है कि इसके लिए योजना बनाने की ज़रुरत है।
4. आप हमेशा एक अनुकरणीय व्यक्ति होते हैं – कार्य को लेकर आप घर पर कैसे बात करते/करती हैं, इसमें सावधानी बरतें।
5. अपने बच्चों को यह जाहिर करें कि आप उनके लक्ष्यों और महत्वकांक्षाओं में रूचि रखते/रखती हैं। लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने हेतु कार्य करने को लेकर अपने बच्चों से बात करें और उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें अपने बारे में और व्यवसायों की दुनिया के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करें।

### परिजनों और मित्रों को अपनी मदद करने दें

अपने बच्चे/अपनी बच्ची की मदद करने के सबसे सहायक तरीकों में से एक तरीका यह है कि आप अपने मित्रों, परिजनों और व्यक्तिगत संपर्कों से यह निवेदन करें कि क्या उनके पास आपके बच्चे/आपकी बच्ची के लिए कोई स्वयंसेवी कार्य या नौकरी है। कई अध्ययन यह दर्शाते हैं कि लोगों को उनकी पहली नौकरी ज्यादातर निजी संपर्कों या संबंधों से प्राप्त होती है।

### अपने लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए यात्रा करनी




सभी कोर्स विकल्प आपके स्थानीय TAFE या युनिवर्सिटियों पर उपलब्ध नहीं हैं। कई नौकरियाँ दूसरे क्षेत्रों में होती हैं। ऐसा हो सकता है कि युवा लोगों को आगे की शिक्षा और/या रोज़गार के लिए अपने क्षेत्र के बाहर यात्रा करनी पड़े।
अधिक जानकारी हेतु अपने राज्य या टेरेटरी की पब्लिक ट्रांसपोर्ट वेबसाइट देखें।

### आओ विचार-विमर्श करें

1. आपके बच्चे अपने लिए अब कौन से निर्णय लेते हैं?
2. आपके बच्चों को नौकरी की तलाश पहले किन सबर्बों या क्षेत्रों में करनी पड़ेगी?
3. आपके घर के नज़दीक कौन सी युनिवर्सिटियाँ या TAFE कॉलेज हैं?
4. अपने होम टाउन (गृह नगर), शहर या अन्य राज्यों में स्थित TAFE कॉलेजों या युनिवर्सिटियों की सूची बनाएँ?
5. यदि आपका बच्चा/आपकी बच्ची आपके शहर के किसी अन्य सबर्ब में पढ़ाई या नौकरी करना चाहता/चाहती है, तो आपके परिवार को क्या करना पड़ेगा? यदि वह किसी दूसरे शहर या राज्य में स्थानांतरण करना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं? ऐसी स्थिति में आप क्या करेंगे/करेंगी?
6. ऐसे तीन लोगों की सूची बनायें जिनसे यह पता करने हेतु आप संपर्क कर सकते/सकती हैं कि क्या उनके पास आपके बच्चे/आपकी बच्ची के लिए कार्य अनुभव या स्वयंसेवी कार्य के अवसर उपलब्ध हैं। ऐसे व्यक्ति आपके पड़ोसी, पारिवारिक मित्र या समुदाय के अगुआ या आपको जानने वाले अन्य लोग हो सकते हैं।

## अपने बच्चे/अपनी बच्ची के बारे में सोचना – महत्वाकांक्षाएँ, रुचियाँ और योग्यताएँ

हम आपके बच्चों को उनकी रूचियों व योग्यताओं पर सोच-विचार करने में मदद कर सकते हैं, ताकि वह एक ऐसे करियर को प्राप्त कर सकें जो उनकी रूचियों, क्षमताओं और मान्यताओं (उनको जीवन में महत्वपूर्ण लगने वाली बातों) के अनुरूप हो।

### आपके बच्चे/आपकी बच्ची की रूचियाँ क्या हैं?

निम्नलिखित आपको इसका संकेत दे सकते हैं:

- शौक
- क्लेकशन्स (संकलन)
- पंसदीदा TV शो/ इंटरनेट डाउनलोड
- वह अपने पैसे से क्या खरीदते हैं और क्या खरीदने के लिए बचत करते हैं
- खेलकूद संबंधी रूचियाँ
- मित्रताएँ
- उपहारों के लिए अनुरोध
- स्कूल में पंसदीदा विषय

### सामूहिक गतिविधि:

अपने बच्चे/अपनी बच्ची को ध्यान में रखते हुए यह सोचें कि वह निम्नलिखित पंक्तियों में कहाँ अनुरूप बैठते हैं। आप अपने समूह में शामिल अन्य लोगों के साथ यह क्रिया कर सकते/सकती हैं। अपने कक्ष में, उस स्थान की काल्पनिक पंक्ति में खड़े होयें जो आपके अनुसार नीचे दी गई प्रत्येक दो 'चरमसीमाओं' के बीच आपके बच्चे/आपकी बच्ची के व्यक्तित्व के अनुरूप हो:

**चीज़ें करना ......................................↔......................................चीज़ों के बारे में सोचना**
**लोगों के साथ रहना...................................↔................................................. अकेले रहना**
**बाहरी गतिविधियाँ पसंद करना...................................↔...................................आंतरिक गतिविधियाँ पसंद करना**

### नीचे दिए गए विचारों का प्रयोग करके अपनी खुद की सूची तैयार करें – आपकी सूची में ऐसे वक्तव्य शामिल हो सकते हैं:

- लोगों के आसपास होना पसंद है
- चीज़ों की मरम्मत करना पसंद है
- लेखन और/या पठन कार्य पसंद है
- बाहर काम करना पसंद है
- पौधों/पशुओं की देखभाल करना पसंद है
- अकेले सैर करना पसंद है

## Zara (ज़ारा) की सूची



- स्केटबोर्डिंग
- मित्रों के साथ समय बिताना
- मित्र की समस्या सुनना
- अंग्रेज़ी और कला
- CDs. iPod - पसंदीदा गाने डाउनलोड करना
- मित्रों के कन्सर्ट (संगीत-समारोह) में जाना
- फैशन – शॉपिंग
- अपना कमरा साथ-सुथरा रखना

Zara (ज़ारा) की सूची रचनात्मकता और डिज़ाइन संबंधी कार्यों तथा साथ ही लोगों के साथ काम करने में रूचियों को दर्शाती है। उसकी रूचि क्लेरिकल कार्य श्रेणी में भी है।
वह (डिस्क जॉकी) बनने या संगीत उद्योग में काम करने के बारे में खोज करती है।

### अपने बच्चे/अपनी बच्ची की योग्यताओं के बारे में सोचना

किसी सामान्य किशोर (टीनैजर) में कई योग्यताएँ होती हैं, जिनका प्रयोग वह रोज़ाना स्कूल और घर पर करते हैं। नियोक्ता इन योग्यताओं का प्रयोग करने के लिए भुगतान करेंगे। नौकरी प्राप्त करने के लिए अपनी योग्यताओं की जानकारी होना, और साथ ही यह पता होना **वास्तव में महत्वपूर्ण** होता है कि अपनी योग्यताओं के बारे में बात कैसे करनी चाहिए और उन्हें लिखित रूप कैसे देना चाहिए और यह भी कि इन्हें एक नौकरी, कार्यस्थल और एक नौकरी से किसी दूसरी नौकरी से स्थानांतरित कैसे करना चाहिए।

### आपके बच्चे/आपकी बच्ची की योग्यताएँ क्या हैं?

लोग अक्सर अलग-अलग कार्यों में कुशल होते हैं और उनकी कई विभिन्न क्षेत्रों में योग्यताएँ होती हैं। दाईं ओर के कालम (खाने) में उन योग्यताओं के सामने सही का निशान लगायें जिनमें आप कुशल हैं और फिर बाईं ओर के कालम (खाने) में उन योग्यताओं के सामने सही का निशान लगायें जिनमें आपका बच्चा/आपकी बच्ची कुशल है।

| अपने बच्चों के लिए सही का निशान (✓) लगायें | योग्यताएँ | अपने लिए सही का निशान लगायें ✓ |
|---|---|---|
| | सूचना संबंधी योग्यताएँ | |
| | समस्याओं का समाधान करने में कुशल, अवलोकन करने में कुशल ('समझदार'; 'स्मार्ट'; 'चतुर') | |
| | बड़ी कल्पना करने और बड़ा सोचने में कुशल ('रचनात्मक') | |
| | अभिव्यक्त करने, पढ़ने और वर्णन करने में कुशल ('निपुण') | |
| | संख्याओं और गणित में कुशल | |
| | विवरण – निर्देशों का अनुसरण करने, ध्यानपूर्वक सुनने में कुशल ('आदर्शवादी') | |
| | ग्राफ और मापन में कुशल – चीज़ें बनाने में कुशल | |
| | लोगों के साथ बातचीत करने की योग्यताएँ | |
| | मार्गदर्शक – सहयोगी, लोगों की मदद करना, लोगों को संगठित करना | |
| | बलवर्धक – दूसरों को प्रेरित करना, दूसरों को सीखाना कि काम कैसे करना है, चीज़ें बेचने में कुशल, उत्साहपूर्ण | |
| | श्रोता – संचार करने में कुशल, उसके मित्र हैं और वह समूह में अच्छे से कार्य करता है | |
| | आभ्यासिक योग्यताएँ | |
| | फुर्तीला और अक्लमंद – खेलकूद में कुशल, समन्वित, चीज़ों की मरम्मत करने वाला, चीज़ों को नए सिरे से बनाने वाला, खेलकूद में कुशल | |
| | मज़बूत और सशक्त – भारी वस्तुएँ उठाने में सक्षम, कड़ा परिश्रम करने वाला, सम्भवत: तेज़ भागने वाला, गाड़ी या बाइक चलाने में कुशल | |

# रूचि के क्षेत्रों की सूची बनाना

## रूचियों और क्षमताओं की सूची

अपनी रूचियों की सूची बनायें, और उन क्षेत्रों की भी एक अन्य सूची बनायें जिनमें आपकी बिल्कुल भी रूचि नहीं है। फिर रूचियों की अपनी सूची की तुलना सात व्यावसायिक श्रेणियों से करें।

| **रूचि के क्षेत्र** | **व्यावसायिक श्रेणी** | **वो क्षेत्र जिनमें बिल्कुल रूचि नहीं है** | **व्यावसायिक श्रेणी** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

रूचियों की उपरोक्त सूची से, उन व्यवसायों का पता लगायें जिनका वर्णन आपने सबसे अधिक बार किया है।

1.
2.
3.
4.
5.

## रूचियों और क्षमताओं की सूची *(आपके किशोर [टीनैजर] के प्रयोग के लिए अतिरिक्त स्थान)*

अपनी रूचियों की सूची बनायें, और उन क्षेत्रों की भी एक अन्य सूची बनायें जिनमें आपकी बिल्कुल भी रूचि नहीं है। फिर रूचियों की अपनी सूची की तुलना सात व्यावसायिक श्रेणियों से करें।

| **रूचि के क्षेत्र** | **व्यावसायिक श्रेणी** | **वो क्षेत्र जिनमें बिल्कुल रूचि नहीं है** | **व्यावसायिक श्रेणी** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

रूचियों की उपरोक्त सूची से, उन व्यवसायों का पता लगायें जिनका वर्णन आपने सबसे अधिक बार किया है।

1.
2.
3.
4.
5.

# ऑस्ट्रेलिया में रोज़गार के प्रकार

लोगों की रूचियाँ अक्सर केवल एक ही क्षेत्र तक सीमित नहीं होती हैं और विशिष्ट नौकरियों में आम-तौर पर भिन्न-भिन्न रूचियों की ज़रुरत होती है। व्यवसायों को अक्सर इसके अधीन आने वाले कार्यों को करने के लिए ज़रुरी योग्यताओं के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। व्यवसायों की सात व्यापक श्रेणियाँ निम्न हैं जिनका प्रयोग करियर संसाधन और जाँच सामग्री के लिए किया जाता है।

**विश्लेषणात्मक या वैज्ञानिक**
वैज्ञानिक, तकनीकी, सामाजिक या अन्य मामलों की जांच करने या इनके लिए समाधान खोजने हेतु विचारों को काम में लाना। कार्यों में अवलोकन, अनुसंधान करना, विश्लेषण करना, सिद्धातों का विकास करना और अमूर्त विचारों को खोजना शामिल है।

- फोरेंसिक वैज्ञानिक
- ऑटोमोटिव इलेक्ट्रिशियन
- नर्स
- कम्पयूटर इंजीनियर
- मार्केट रिसर्चर



**कलात्मक एवं रचनात्मक**
इन व्यवसायों में विचारों का प्रयोग करके काम करना शामिल है ताकि उन्हें रचनात्मक तरीके से व्यक्त, प्रस्तुत या पूरा किया जा सके। रचनात्मकता का प्रयोग समस्याओं के नवप्रवर्तनशील समाधानों को विकसित करने के लिए किया जा सकता है।

- ऐक्टर
- केक डेकोरेटर
- कला या संगीत टीचर
- वस्त्रों के पैटर्न बनाने वाला
- जौहरी
- लेखक/ प्रकाशक
- फैशन डिज़ाइनर



**सहायता करना या सलाह देनी**
इन व्यवसायों में सीधे लोगों के साथ काम करना शामिल है। दूसरों की मदद करने, उन्हें सूचित व शिक्षित करने या उनके साथ पेश आने के लिए बढ़िया संचार योग्यताओं की ज़रुरत होती है।

- अध्यापक
- सामाजिक कार्यकर्ता
- वकील
- फिटनेस प्रशिक्षक
- निजी देखरेख कार्यकर्ता
- फार्मासिस्ट



**आभ्यासिक या यांत्रिक**
व्यवसाय जिनमें ठोस वस्तुओं जैसे कि टूल्स, मशीन तथा उपकरणों के साथ काम करना शामिल है। कार्यों में वस्तुओं को जोड़ना, उन्हें बनाना, स्थापित करना और मशीनरी का संचालन शामिल है।

- आर्मी ऑफिसर
- बेकर
- कन्सट्रक्शन वर्कर
- फायर-फाइटर
- हेयरड्रेसर
- फिजियोथेरेपिस्ट
- पैनल बीटर



**प्रकृति या मनोरंजन**
इस कार्य में प्राकृतिक विश्व की चीज़ों के साथ काम करना शामिल है। गतिविधियों में फसलें उगाना, पशु पालन करना और पशुओं की देखरेख करना और पर्यावरणीय काम शामिल हैं। खेलकूद में सहभागिता और मनोरंजन इस श्रेणी में आते हैं।

- वनस्पतिज्ञ
- डॉग ट्रेनर
- फार्म सहायक
- मछली पालन अधिकारी
- समुद्री जीवविज्ञानी
- खेलकूद कोच।



**आयोजन करना या क्लेरिक्ल काम**
इस कार्य में डेटा प्रासेस करना, तथ्य व आँकड़े निकालना और प्रशासकीय नीतियों व कार्यविधियों का विकास करना शामिल है। गतिविधियों में आयोजन व नियोजन करना और बजट बनाना शामिल है।

- अकाउंटेंट
- बैंक अधिकारी
- इवेन्ट कॉर्डिनेटर
- दुभाषिया
- लाइब्रेरियन
- सेक्रेटरी



**विश्वास दिलाना या सेवा प्रदान करनी**
बेचने, प्रभावित करने, प्रेरित करने, मोल भाव करने या सेवा करने के लिए लोगों के साथ काम करना। कार्यों में बेचना, माल व सेवाओं का प्रसार करना, सौदेबाज़ी करनी या किसी दृष्टिकोण को प्रस्तुत करना शामिल है।

- हेयरड्रेसर
- इंटीरियर डेकोरेटर
- क्लीनर
- बेकर
- ट्रेवल कंसल्टेंट



### सामान्य कार्य योग्यताएँ

ये वो योग्यताएँ हैं जिनकी आवश्यकता काम करने के लिए सभी को होती है।

- हमें करियर और कार्य जीवन का प्रबंध करने में सक्षम होने की आवश्यकता है – समयपूर्वक पहुँचना, निर्देशों का अनुसरण करना और मैनेजरों व सहकर्मियों के साथ विनम्रतापूर्वक एवं सम्मानपूर्वक व्यवहार करना, ठीक ढंग से वस्त्र पहनना।
- हमें दूसरे के साथ बातचीत करने की आवश्यकता है – काम पर लोगों से बातचीत करना, काम पर लोगों से सहयोग करना, अन्य लोगों की क्षमताओं व उनके योगदानों का सम्मान करना।
- हमें नौकरी से संबंधित अपने कार्यों को पूरा करने में सक्षम होने की आवश्यकता है – नियोजन, आयोजन, निर्णय लेना, समस्याओं का समाधान करना, कम्पयूटरों या उपकरणों के साथ काम करना।

आप अपने बच्चों के साथ रोज़ाना इस बारे में बात कर सकते/सकती हैं कि उन्होंने स्कूल या खेलकूद या फिर मित्रों के साथ क्या किया। उन्हें उनकी विभिन्न क्षमताओं और उन कार्यों के बारे में सोचने में सहायता करें जिन्हें करने में वह कुशल हैं।

## सहायता प्राप्त करने के स्थान

ऑस्ट्रेलिया में कार्य और करियर नियोजन में सहायता प्राप्त करने के स्थान मौजूद हैं। आपके बच्चों के स्कूल में करियर टीचर या सलाहकार उपलब्ध हो सकता है जो आपके बच्चों और आपके साथ बातचीत करने में सहायता कर सकता है। आपके बच्चों से प्रश्न पूछे जा सकते हैं ताकि यह जाना जा सके कि किस प्रकार के करियर उनकी रूचियों, योग्यताओं व क्षमताओं के अनुरूप होंगे। इन्हें कभी-कभार करियर आकलन या व्यावसायिक आकलन कहा जाता है।

करियर या व्यावसायिक टेस्ट निम्नलिखित में आपके बच्चों की मदद कर सकते हैं:

- उनकी रूचियों के और इन रूचियों के अनुरूप नौकरियों के बारे में अधिक रूप से पता लगा सकते हैं
- उनके लिए नौकरी की श्रेष्ठ श्रेणी का और विषयों के उन क्षेत्रों का पता लगा सकते हैं जिनकी पढ़ाई करने की उन्हें ज़रुरत है
- चयन किए जाने वाले संभावित करियर और पढ़ाई के क्षेत्रों से संबंधित नए विचारों का पता लगा सकते हैं

ये टेस्ट निम्नलिखित नहीं कर सकते हैं:

- आपके बच्चों को यह नहीं बता सकते हैं कि उन्हें किस करियर का चयन करना चाहिए
- यह पूर्वानुमान नहीं कर सकते हैं कि क्या आप अपने करियर में सफल होंगे या नहीं
- बुद्धिमत्ता या क्षमता का आकलन नहीं कर सकते हैं

यद्यपि यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे ऐसा महसूस करें कि उन्हें आपसे सहायता मिल रही है, परन्तु इस बात का ध्यान रखें कि किसी विशेष नौकरी या करियर मार्ग का अनुसरण करने के लिए वह सहायता को दबाव के तौर पर महसूस नहीं करते हैं।


### करियर वेबसाइट्स

**1. The Job Search वेबसाइट:** www.joboutlook.gov.au Career Quiz पर क्लिक करें। (नि:शुल्क)
**2. My Future:** www.myfuture.edu.au/ ऑस्ट्रेलिया की करियर सूचना और अन्वेषण सेवा। My Future ऑस्ट्रेलियन सरकार और राज्य व टेरेटरी सरकारों की एक संयुक्त पहल है। यह साइट कई प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध कराती है, जिनमें Explore Careers टेब के तहत एक नि:शुल्क करियर क्विज शामिल है।
**3. Alife:** www.alife.net.au एक त्वरित, नि:शुल्क क्विज के लिए ‘Need Direction?’ पर क्लिक करके आप करियर वीडियो देख पाएंगे/पाएंगी।

स्कूलों में विभिन्न प्रकार के करियर टेस्ट उपलब्ध हैं जो प्रत्येक स्कूल में अलग-अलग हैं, पर इनमें निम्न शामिल हो सकते हैं:

- Holland’s Self-Directed Search: www.selfdirectedsearch.com
- MBTI - Myer-Briggs Type Indicator: www.personalitypathways.com
- Career Fast Track: www.careersfasttrack.com.au
- JIIG-GAL- Career Voyager: www.jiig-cal.com.au/
- Morrisby Report: www.careeranalysts.com.au/
- Vocational Interest Questionnaire: www.myfuturecareer.com.au
- My Career Match www.mycareermatch.com.au


## Job Guide का प्रयोग करना




www.jobguide.thegoodguides.com.au

Job Guide विभिन्न प्रकार की व्यवसायों, और इनके शिक्षा व प्रशिक्षण मार्गों का का पूर्ण अवलोकन प्रदान करती है। यह इस बारे में उपयोगी जानकारी भी देती है कि अपनी रुचियों और क्षमताओं के आधार पर अपने लिए श्रेष्ठ रूप से उचित व्यवसायों का पता कैसे लगाना चाहिए।

आप ऑनलाइन जॉब सर्च फंक्शन या जॉब गाइड बुक का प्रयोग करके लगभग 1500 व्यवसायों, विशेषज्ञताओं और नौकरी के वैकल्पिक नामों की सूची सीमित कर सकते/सकती हैं।




**याद रखने वाली एक आख़िरी बात**

हर किसी के समान एक कामयाब व्यक्ति भी असफल होता है।

बात केवल इतनी है कि वह अपनी असफलताओं से सीखता है और असफल होने के बावजूद, वह आगे प्रयास करता रहता है।

# दूसरी वर्कशॉप – करियर मार्ग और ट्रांज़िशन (अवस्थांतर) सेवाएँ

1. स्कूल छोड़ने के बाद मैं क्या करना चाहता/चाहती हूँ?
2. मैं और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?
3. शिक्षा एवं प्रशिक्षण के विकल्प

करियर विकास का ढांचा

**1. आत्मबोध:** आपको क्या पसंद है (आपकी रूचियाँ), आप किस कार्य में अच्छे/अच्छी हैं (आपकी योग्यताएँ व क्षमताएँ), आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है (मान्यताएँ)

**2. अवसर की जागरूकता:** नौकरीपेशा जीवन को समझें – विभिन्न प्रकार की अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा तथा अनावरण के द्वारा यह पता लगाना कि कौन से अवसर उपलब्ध हैं

**3. निर्णय लेना:** यह सीखना कि व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर सुविज्ञ निर्णय कैसे लें, नौकरी/कोर्स की आवश्यकताओं व उपयोगिताओं से संबंधित अनुसंधान कैसे करें

**4. कदम उठाना:** ट्रांज़िशन प्लैन (अवस्थांतर योजना) पर कार्य करना: योग्यताओं की कमी पर ध्यान देना, आवेदन प्रक्रिया को शुरु करना, रिज़्यूमे लिखना, इंटरव्यू योग्यताओं को सीखना आद, वांछित लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए सुचारू अवस्थांतर का प्रबंध करना

*(Tony Watts, 2006 से रुपान्तरित)*

## स्कूल छोड़ने के बाद मैं क्या करना चाहता/चाहती हूँ?

पॉथवे प्लैन्स (मार्ग योजनाएँ) युवा लोगों को अपने भविष्य के बारे में सोच-विचार करने और आजीवन सीखने की योजना बनाने में मदद करने का एक तरीका है। मार्ग योजना (पॉथवे प्लैन) को लर्निंग प्लैन, MIPs (मैनेजड इंडिविजुअल पॉथवे – प्रबंधित व्यक्तिगत मार्ग) योजना, ट्रांज़िशन प्लैन या ऐसे ही कुछ नाम से जाना जा सकता है। पॉथवे प्लैन युवा लोगों को लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने हेतु गतिविधियों का पता लगाने में मदद करता है। माता-पिता अपने किशोर (टीनैजर) के साथ प्लैन्स (योजनाओं) के बारे में बात करके उनकी सहायता व समर्थन कर सकते हैं।

## मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त हो सकती है?

अधिकांश स्कूलों में स्टाफ का कोई सदस्य नियुक्त होता है जो युवा लोगों को अपनी रूचियों के बारे में सोचने और विभिन्न कोर्स (पाठ्यक्रम) तथा रोज़गार विकल्पों का पता लगाने में मदद करता है। इन कर्मचारियों को करियर सलाहकार, मार्गदर्शन अधिकारी, ट्रांज़िशन सलाहकार, करियर/ट्रांज़िशन टीम के नाम से जाना जा सकता है। आप या युवा लोग फोन करके कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं या आप अपाइंटमेंट (समय-नियुक्ति) बुक कर सकते/सकती हैं। कभी-कभी संस्थाएँ स्कूल आती हैं और युवा लोगों को अपने पॉथवे प्लैन्स के बारे में सोच-विचार करने में मदद करती हैं।

**स्कूल की करियर/ट्रांज़िशन टीम युवा लोगों की सहायता कर सकती है:**

- उनकी ज़रुरतों, रूचियों और उनके लिए महत्वपूर्ण चीज़ों, उनके बढ़िया प्रदर्शन वाले कार्यों, और शिक्षा, प्रशिक्षण एवं नौकरी में भविष्य के उनके लक्ष्यों पर सोच-विचार कर सकती है
- शिक्षा, प्रशिक्षण और नौकरी में स्थानीय, राष्ट्रीय, और अंतर्राष्ट्रीय अवसरों की खोज करके करियर संबंधी जानकारी का पता लगा सकती है
- कार्य के ऐसे क्षेत्र में कार्य अनुभव का पता लगा सकती है जिसमें उनकी रूचि हो
- इस बारे में योजना तैयार कर सकती है कि स्कूल छोड़ने के पश्चात वह क्या करना चाहते हैं
- स्कूल के बाहर ऐसी जानकारी, संस्थाओं व लोगों का पता लगा सकती है जो सहायक हो या जिनसे सहायता मिल सके
- युवा लोगों द्वारा स्कूल छोड़ कर आगे शिक्षा, प्रशिक्षण या रोज़गार पर जाने हेतु उनके लिए आवश्यक योग्यताओं को सीखने में उनकी सहायता कर सकती है, उदाहरणत: आवेदन प्रपत्रों को भरना, रिज़्यूमे तैयार करना, किसी कोर्स के लिए आवेदन करना, इंटरव्यू के लिए योग्यताएँ


अधिकांश स्कूलों में एक ऐसा क्षेत्र होगा जहाँ युवा लोगों के लिए मार्गों और करियर से संबंधित बहुत सी जानकारी उपलब्ध होगी।

# शिक्षा एवं प्रशिक्षण के विकल्प

ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बहुत से तरीके हैं।

बहुत से माता-पिता को लगता है कि युवा लोगों को कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी करने तक स्कूल जाना जारी रखना चाहिए और फिर उसके बाद उन्हें यूनिवर्सिटी की पढ़ाई करनी चाहिए।

ऑस्ट्रेलिया में ऐसे बहुत से शिक्षा एवं प्रशिक्षण विकल्प हैं जो युवा लोगों को उनकी रूचि के अनुसार नौकरी या करियार प्राप्त करने में मदद करते हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं – अगले पन्नों में, हम इन सभी शब्दों (उदाहरणत: कक्षा 12, TAFE, अप्रेन्टिसशिप) और विकल्पों का वर्णन करेंगे:



- कक्षा 12 और पूरी करने तक स्कूल जाना जारी रखना और फिर आगे चलकर TAFE, युनिवर्सिटी या अन्य प्रशिक्षण संस्थाओं पर पढ़ाई करनी
- TAFE या कुछ सामुदायिक परिसरों में सेकेंडरी स्कूल की शिक्षा पूरी करनी
- TAFE में कुछ कोर्स की पढ़ाई पूरी करनी और फिर युनिवर्सिटी में प्रवेश लेना
- TAFE में अप्रेन्टिसशिप पूरी करनी
- नौकरी प्राप्त करना और फिर बाद में TAFE या युनिवर्सिटी की पढ़ाई करनी
- नौकरी की तलाश करना और साथ-साथ TAFE, युनिवर्सिटी या किसी अन्य संस्थान में पढ़ाई करनी
- मैच्योर (प्रौढ़) आयु के विद्यार्थी (21 वर्ष से अधिक की आयु) के रूप में युनिवर्सिटी की पढ़ाई के लिए आवेदन करना

### ऑस्ट्रेलियन पाठ्यक्रम

ऑस्ट्रेलियन पाठ्यक्रम में सात सामान्य क्षमताएँ शामिल हैं जिनकी सभी युवा लोगों को आवश्यकता होती है ताकि वह सफलतापूर्वक जीवन-निर्वाह और कार्य कर सकें। ये क्षमताएँ उन्हें स्कूल में सीखनी चाहिए। इनमें शामिल हैं:



1. लिटरैसी – साक्षरता (रीडिंग एवं राइटिंग)
2. न्यूमरैसी – अंकज्ञान (गणित एवं आँकड़े)
3. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी क्षमता (कम्पयूटर के साथ काम करना)
4. विवेचनात्मक एवं रचनात्मक सोच-विचार
5. व्यक्तिगत एवं सामाजिक क्षमता (मित्र बनाना और दूसरों से बात करने में सक्षम होना)
6. नैतिक समझबूझ (सही और गलत की पहचान होना और सही तरीके से कदम उठाने)
7. अंतर-सांस्कृतिक समझबूझ (दूसरों की संस्कृतियों को जानना और उनको समझना)

और अधिक जानकारी के लिए Australian Curriculum Assessment and Reporting Authority (ACARA) की वेबसाइट: www.acara.edu.au देखें

## अंतर्राष्ट्रीय स्नातक डिप्लोमा (इंटरनेशनल बैकलॉरीइट डिप्लोमा - IB)

इंटरनेशल बैकलॉरीइट डिप्लोमा कुछ पंजीकृत स्कूलों में उपलब्ध है। इससे एक ऐसी योग्यता प्राप्त होती है जिसे व्यापक रूप से ऑस्ट्रेलिया व विदेश की युनिवर्सिटियों द्वारा स्वीकृत किया जाता है। IB के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.ibo.org देखें

## व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (स्कूलों में वोकेशनल ऐजुकेशन एवं प्रशिक्षण - VET)

VET युवा लोगों की मदद करता है कि वह स्कूली पढ़ाई करते हुए कार्य संबंधी योग्यताएँ सीखें। विद्यार्थी कार्य संबंधित सर्टिफिकेट की पढ़ाई कर सकते हैं और उसी समय VCE पूरी कर सकते हैं।

स्कूलों में VET करके आप आगे TAFE या युनिवर्सिटी की पढ़ाई या रोज़गार कर सकते/सकती हैं।
विद्यार्थी कक्षा 10 में यह चयन कर सकते हैं कि कक्षा 11 व 12 में वह किन VET विषयों की पढ़ाई करना चाहेंगे।

VET कोर्स (पाठ्यक्रम) विद्यार्थियों को स्कूल और कार्यक्षेत्र दोनों में आभ्यासिक शिक्षा देते हैं।

अपने किशोर के विकल्पों को पता करने का श्रेष्ठ तरीका अपने स्कूल के VET कॉर्डिनेटर या करियर/ट्रांज़िशन्स टीम से संपर्क करना है।









**स्कूलों में VET – सफलता की कहानी**

*मोहम्मद की रूचि हमेशा यह जानने में थी कि उपकरण काम कैसे करते हैं। 'मैं चीज़ों को अलग-अलग करके उन्हें फिर से जोड़ता था ताकि यह जान सकूँ कि क्या फिर जोड़े जाने पर भी वे काम करती हैं। यह रूचि इलेक्ट्रिक्ल उपकरणों की ओर परिवर्तित हो गई और वहाँ से आगे बढ़ी।' 2010 में मोहम्मद ने ऑस्ट्रेलियाई स्कूल-आधारित अप्रेन्टिसशिप प्रारम्भ की। कक्षा 12 की समाप्ति पर मोहम्म्द ने स्कूल, TAFE-आधारित अध्ययन, और केंट टाउन, एडिलेड में Morris Electrical के साथ प्लेसमेंट के द्वारा इलेक्ट्रो टेक्नोलोजी में सर्टिफिकेट III प्राप्त करके शानदार परिणाम हासिल किया। 'मैंने शुरू में Morris Electrical के साथ एक सप्ताह का कार्य अनुभव किया, फिर मुझे अप्रेन्टिसशिप की पेशकश हुई और मैं साथ ही काम शुरु करना चाहता था। पर हर कोई चाहता था कि मैं कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी करूँ , इसलिए स्कूल-आधारित अप्रेन्टिसशिप प्रणाली बढिया थी क्योंकि इसके कारण मैं दोनों कर पाया,' मोहम्मद कहता है।*

## स्कूल आधारित अप्रेन्टिसशिप्स एवं ट्रेनिशिप्स (SBAT)

कुछ स्कूल विद्यार्थियों को स्कूली पढ़ाई करते हुए अप्रेन्टिसशिप करना शुरु करने देते हैं। स्कूल आधारित अप्रेन्टिसशिप्स का अर्थ है कि युवा लोग स्कूली पढ़ाई करते हुए एक राष्ट्रीय व्यवसायिक योग्यता प्राप्त कर सकते हैं।

स्कूल आधारित अप्रेन्टिसशिप या ट्रेनिशिप पूरी करने पर युवा लोग:

- स्कूल जाएँगे और नौकरी भी करेंगे
- सीनियर सेकेंडरी सर्टिफिकेट और व्यवसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (वोकेशनल ऐजुकेशन एंड ट्रेनिंग - VET) योग्यता की पढ़ाई करेंगे

- कोई संबंधित नौकरी करते हुए बिताए जाने वाले समय के लिए आमदनी प्राप्त करेंगे।

यह पता लगाने के लिए कि क्या यह आपके क्षेत्र में संभव है, अपने स्कूल की करियर्स/ट्रांज़िशन्स टीम अथवा अपने क्षेत्र के किसी ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टिसशिप्स सेंटर से संपर्क करें, या www.australianapprenticeships.gov.au देखें।

**स्कूल आधारित अप्रेन्टिसशिप्स और ट्रेनिशिप्स (SBAT) कार्यक्रम की एक सफल कहानी**

*हेयरड्रेसिंग सैलून की मालकिन Phuong जिसने पहले कार्य अनुभव के लिए विद्यार्थियों को अवसर दिया था, अपने कार्यक्षेत्र में शामिल करने के लिए युवा लोगों की तलाश कर रही थी। Youth Connect के वर्कप्लेस लर्निंग कॉर्डिनेटर (WLC) ने एक SBAT पद का सुझाव दिया जो संभवत: उनकी ज़रूरतों के लिए उपयुक्त हो। टीम ने एक स्थानीय विद्यार्थी Jessica का पता लगाया जो इस उद्योग में कार्य करने को लेकर उत्सुक थी और अपनी पढ़ाई छोड़कर फुलटाइम हेयरड्रेसिंग अप्रेन्टिसशिप करने का विचार कर रही थी। Jessica सैलून में कार्य करने के लिए एकदम उपयुक्त रही, हेयरड्रेसिंग में अपनी रूचि के अलावा, वह वियतनामी में भी बात कर सकती थी और Phuong को यह लाभप्रद लगा क्योंकि Jessica उसके कई वयोवृद्ध वियतनामी ग्राहकों से बात कर पाने में सक्षम थी। एक वर्ष पश्चात उसने अपनी SBAT और स्कूल पर अपनी पढ़ाई दोनों सफलतापूर्वक पूरी की। को 2012 के ऑस्ट्रेलियन वोकेशनल पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया और ने उसे फुल टाइम अप्रेन्टिसशिप की भूमिका के लिए नियुक्त कर लिया है।*

## स्कूल के पश्चात

### ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टिसशिप्स



यदि आपके किशोर (टीनैजर) को लगता है कि स्कूली पढ़ाई करते रहना उसके लिए उचित नहीं है या यदि उसने स्कूली पढ़ाई पहले ही छोड़ दी है, तो भी ऐसा हो सकता है कि अप्रेन्टिसशिप्स उपलब्ध हों। ये एक नौकरी प्राप्त करने का और किसी भी उद्योग में करियर का निर्माण करने के लिए ज़रूरी प्रशिक्षण पाने का बढ़िया तरीका होती हैं।

ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टिसशिप्स बहुत से विभिन्न कार्य क्षेत्रों में आभ्यासिक कार्य और प्रशिक्षण उपलब्ध कराती हैं। उदाहरणत: बिल्डिंग, कुकिंग, गार्डनिंग और हेयर ड्रेसिंग। ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टिसशिप्स प्रशिक्षुता (अप्रेन्टिसशिप्स) या ट्रेनिशिप्स दोनों हो सकती हैं। ये दोनों आभ्यासिक कार्य का संयोजन संरचित प्रशिक्षण के साथ करती हैं ताकि किसी चुने हुए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए ज़रुरी अनुभव के साथ राष्ट्रीय तौर पर मान्यता-प्राप्त योग्यता प्रदान की जा सके। जैसा कि हमने पहले बताया है, स्कूल विद्यार्थियों को विकल्प प्रदान करते हैं कि वह स्कूली पढ़ाई करने के साथ-साथ अप्रेन्टिसशिप की शुरुआत करें, इसे स्कूल आधारित अप्रेन्टिसशिप्स एवं ट्रेनिशिप्स कहा जाता है।

नियोक्ता और अप्रेन्टिस या ट्रेनी एक ट्रेनिंग समझौते पर हस्ताक्षर करते हैं। अप्रेन्टिस या ट्रेनी के TAFE कॉलेज या किसी दूसरे प्रशिक्षण प्रदाता के साथ प्रशिक्षण लेने समय वैतनिक कार्य किया जाता है। अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) ऑन-दि-जॉब (कार्यस्थल पर), ऑफ-दि-जॉब (कार्यस्थल से परे), या दोनों के संयोजन के रूप में प्रदान की जा सकती है। ऑफ-दि-जॉब ट्रेनिंग TAFE कॉलेजों, बिजनस कॉलेजों या अन्य अनुमोदित प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ की जाती है।

15 वर्ष या इससे अधिक की आयु का नौकरी की तलाश करने वाला कोई भी व्यक्ति जो परमानेंट रेज़ीडेंट हो, ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टिसशिप के लिए आवेदन कर सकता है। यह ज़रुरी नहीं है कि आप Centrelink के साथ पंजीकृत हों या बेरोज़गार हों। ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टिसशिप्स योग्यताएँ राष्ट्रीय तौर पर मान्यता-प्राप्त होती हैं, इसलिए किसी स्थानीय क्षेत्र में की गई अप्रेन्टिसशिप पूरे ऑस्ट्रेलिया में मान्यता-प्राप्त होगी। ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टिसशिप्स आगे की पढ़ाई और प्रशिक्षण अवसरों जैसे कि युनिवर्सिटी ड्रिगी या कोई अन्य टर्शरी योग्यताओं का मार्ग हो सकती हैं।

**ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टिसशिप्स के बारे में और अधिक जानकारी के लिए देखें:**

www.australianapprenticeships.gov.au
www.aapathways.com.au
www.education.vic.gov.au/training/learners/apprentices

## सामूहिक प्रशिक्षण संस्थाएँ (ग्रुप ट्रेनिंग ऑरगेनाइज़ेशन्स)

सामूहिक प्रशिक्षण संस्थाएँ अप्रेन्टिसों और ट्रेनियों को नियुक्त करती हैं और फिर इन लोगों को इनके संपूर्ण प्रशिक्षण या प्रशिक्षण के आंशिक-काल में रोज़गार दिलाने हेतु नियोक्ताओं का पता लगाती हूऐं। सामूहिक प्रशिक्षण संस्थाएँ युवा व्यक्ति के प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) के दौरान कर्मचारियों और नियोक्ताओं की मदद करती हैं। ऑस्ट्रेलिया में ग्रुप ट्रेनिंग ऑस्ट्रेलिया सभी GTO's के लिए उत्तरदायी एक राष्ट्रीय निकाय है। ग्रुप ट्रेनिंग के बारे में और अधिक जानकारी के लिए देखें: www.grouptraining.com.au

## TAFE (ट्रेनिंग एंड फर्दर ऐजुकेशन – प्रशिक्षण एवं आगे की पढ़ाई)



TAFEs कई क्षेत्रों में कोर्स उपलब्ध कराते हैं, जिनमें अप्रेन्टिसों के लिए प्रशिक्षण शामिल है।
कोर्स फुल-टाइम, पार्ट-टाइम, सुबह या शाम की कक्षाओं, दीर्घावधि या अल्पावधि के हो सकते हैं। TAFE कॉलेज सर्टिफिकेट II, III व IV, डिप्लोमा एवं एडवांस्ड डिप्लोमा स्तर के कोर्स प्रदान करते हैं। युवा लोग निम्नलिखित तरीके से TAFE में प्रवेश पा सकते हैं:

- कक्षा 12 के पश्चात
- कक्षा 10 या 11 के पश्चात (कुछ कोर्स के लिए)
- कक्षा 12 पूरी किए बिना युवा वयस्क के रूप में (18 से 21 वर्ष के बीच)



TAFE का कोर्स उन युवा लोगों के लिए एक बढ़िया विकल्प हो सकते हैं जिन्हें निम्नलिखित चाहिए होता है:

- शिक्षा का एक ऐसा परिसर जहाँ उनके साथ वयस्कों जैसा व्यवहार किया जाता है
- उनकी अंग्रेज़ी, साक्षरता और अंक-ज्ञान की योग्यताओं में मदद करने हेतु कोर्स
- रोज़गार/नौकरी संबंधित प्रशिक्षण
- युनिवर्सिटी तक का मार्ग

यदि आपका किशोर (टीनैजर) हेल्थ केयर कार्ड का धारक है तो ऐसा हो सकता है कि उसके लिए कोर्स का खर्चा अन्य विद्यार्थियों के तुलना में कम हो। TAFEs ऑस्ट्रेलिया के प्रत्येक राज्य व टेरेटरी (राज्य-क्षेत्र) में मौजूद हैं, TAFE में शिक्षा के अवसरों से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने राज्य/टेरेटरी के TAFE की वेबसाइट देखें।

## युनिवर्सिटी

युनिवर्सिटियाँ डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा और बैचलर (स्नातक) डिग्रीयों जैसी योग्यताएँ प्रदान करती हैं। अध्यापकों, डॉक्टरों, इंजीनियरों, वकीलों तथा नर्सों जैसे कई व्यवसायों के लिए युनिवर्सिटी योग्यता की आवश्यकता होती है। जैसा की आपने पृष्ठ 17 में देखा, ऑस्ट्रेलिया में और भी बहुत से व्यवसाय मौजूद हैं जो कि आपके स्वदेश में संभवत: मौजूद व्यवसायों से अधिक हों।

युनिवर्सिटी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक है कि उनके अंग्रेज़ी, रीडिंग (पठन), राइटिंग (लेखन), लिसनिंग (सुनने) और स्पीकिंग (बोलने) की योग्यताओं का स्तर उच्च हो। कुछ युनिवर्सिटियाँ शरणार्थी (रिफ्यूज़ी) पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराके उनकी मदद करती हैं। और अधिक जानकारी के लिए उस युनिवर्सिटी से संपर्क करें जिनमें आप प्रवेश करना चाहते/चाहती हैं अथवा निम्न संपर्कों का प्रयोग करें।

**अधिक जानकारी निम्नलिखित वेबसाइट्स पर उपलब्ध है:**
आम जानकारी के लिए सरकारी वेबसाइट: www.myuniversity.gov.au
टर्शरी स्टडी (पढ़ाई) हेतु धन-राशि उपलब्ध कराने के लिए सरकारी सहायता संबंधी जानकारी: www.studyassist.gov.au
ओपन युनिवर्सिटिज़ ऑस्ट्रेलिया: www.open.edu.au

## निजी प्रदाता

निजी प्रदाता 2 प्रकार के हैं:

- पंजीकृत प्रशिक्षण संस्थाएँ (रजिस्ट्रड ट्रेनिंग ऑरगेनाइजेशन्स - RTOs)। ये राष्ट्रीय तौर पर मान्यता-प्राप्त VET कोर्स पढ़ाती हैं।
- निजी उच्च शिक्षा प्रदाता। उदाहरणत: वाणिज्यिक कॉलेज और औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र। ये संस्थाएँ सर्टिफिकेट I से लेकर एडवांस्ड डिप्लोमा स्तर के कोर्स उपलब्ध कराती हैं।

किसी निजी संस्थान में किसी कोर्स के लिए नामांकन कराने से पहले, आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोर्स सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त हैं। प्रदाता का चयन करने से संबंधित जानकारी के लिए देखें: www.training.gov.au

## सामुदायिक शिक्षा



सामुदायिक शिक्षा से तात्पर्य नैबर्हुड हाउसिज़, कम्युनिटी एवं लर्निंग सेंटर (सामुदायिक एवं शिक्षा केन्द्र) जैसे सामुदायिक परिसरों में शिक्षा प्राप्त करने से है। कुछ कोर्स TAFE कोर्स के समान ही होते हैं, उदाहरणत: बिजनस मैनेजमेंट, बिल्डिंग एंड कन्स्ट्रक्शन, इंजीनियरिंग, फार्मिंग, हेल्थ एंड फिटनेस, हॉस्पिटेलिटी।

अन्य कोर्स कम्पयूटर योग्यताओं, अंग्रेज़ी भाषा, साक्षरता एवं अंक-ज्ञान और नौकरी की तलाश करने की योग्यताओं में सहायता कर सकते हैं।

**युनिवर्सिटी और TAFE/RTO में अंतर**

| | युनिवर्सिटी | TAFE/RTO |
|---|---|---|
| **कोर्स का प्रकार** | थिओरी आधारित/रिसर्च | प्रायोगिक/नौकरी से संबंधित |
| **अध्यापन का तरीका** | लेक्चर और ट्यूटोरियल | कक्षा आधारित |
| **संपर्क समय** | 12 से 25 घंटों तक भिन्न-भिन्न | सप्ताह में 4 दिन, 9 से 5 |
| **कोर्स की अवधि** | न्यूनतम 3 वर्ष | 6 महीने से लेकर 2 वर्ष |

## नि:शुल्क ऑनलाइन शिक्षा-प्राप्ति

कुछ कोर्स की पढ़ाई नि:शुल्क रूप से ऑनलाइन की जा सकती है। कुछ युनिवर्सिटियाँ ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध कराती हैं। ऑनलाइन कोर्स की जानकारी www.mooc-list.com www.coursera.org www.open2study.com/courses पर पाई जा सकती है।

## गैप ईयर (अंतराल वर्ष)



अधिकांश युवा लोग इस बात को लेकर अनिश्चित होते हैं कि स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद वह क्या करना चाहते हैं। उन्हें यह सोचने के लिए समय चाहिए होता है कि वह भविष्य में वास्तव में क्या करना चाहते हैं। कुछ युवा लोग 'गैप ईयर – अंतराल वर्ष' लेकर ऐसा करते हैं। यह स्कूली पढ़ाई और आगे की पढ़ाई या प्रशिक्षण के बीच का वर्ष होता है।

वो गतिविधियाँ जिनमें कुछ युवा लोग भाग लेते हैं ताकि उन्हें इस बारे में सोचने में मदद मिले जो वह आगे चलकर भविष्य में करना चाहते हैं:

- स्वयंसेवी कार्य: स्वदेश और विदेश दोनों जगह
- ट्रेवल (यात्रा)
- लघु कोर्स
- विभिन्न प्रकार की नौकरियाँ उदाहरणत: पारिवारिक व्यापार, फ्रूट पिकिंग, किचन हैंड, वैट्रस

**उपयोगी वालंटियर (स्वयंसेवी) वेबसाइट्स:**

www.govolunteer.com.au www.volunteer.com.au
volunteeringvictoria.org.au www.projects-abroad.com.au

### विकलांगता से ग्रस्त विद्यार्थियों के लिए सहायता

विकलांगता से ग्रस्त बच्चे जिन्हें स्कूल के बाद आगे की शिक्षा या प्रशिक्षण के लिए सहायता की ज़रुरत होती है, वह अपने स्थानीय NDCO: नेशनल डिसेबिल्टी कॉर्डिनेशन ऑफिसर से संपर्क कर सकते हैं।
विकलांगता से ग्रस्त विद्यार्थी प्रत्येक पर नियुक्त विकलांगता संपर्क अधिकारी (डिसेब्लिटी लिएज़ॉन ऑफिसर - DLO) से संपर्क कर सकते हैं ताकि उनके लिए उपलब्ध सहायता की पहचान की जा सके।



## उन्हें हाइ फाइव (पांच उपयोगी सुझाव) दें

### बड़े होकर आप क्या बनना चाहते/चाहती हैं?

यदि आपके किशोर (टीनैजर) को इस प्रश्न का उत्तर नहीं मालूम है तो आप निम्नलिखित 'पांच उपयोगी' संदेशों के बारे में उनसे बात करके उनकी मदद कर सकते/सकती हैं:

**1: परिवर्तन अटल है**

अपने जीवन में बदलाव आने पर अपनी योजनाओं को बदलने हेतु तैयारी रखें – नए अवसर पैदा होंगे।

**2: अपने दिल की सुनें**
किसी युवा व्यक्ति को ऐसे भविष्य की कल्पना करने के लिए प्रोत्साहित करें जो विभिन्न प्रकार के करियर विकल्पों से संपूर्ण हो।

**3: अपने सफर पर ध्यान केन्द्रित रखें**
विभिन्न करियर्स के बारे में पता करना और अपने बच्चे/अपनी बच्ची को विभिन्न मार्गों का अनुसरण करने की कोशिश करने में मदद करना आपके बच्चे/आपकी बच्ची की सहायता करेगा और यह बहुत मनोरंजक हो सकता है।

**4: निरंतर सीखते रहें**
ज्ञान-प्राप्ति कई अनुभवों से मिलती है; यह केवल नौकरी या प्रशिक्षण करने से प्राप्त नहीं होती परन्तु यह सोशल नेटवर्क साइट्स का प्रयोग करने, किसी सामुदायिक समूह, खेलकूद की टीमों और पारिवारिक सदस्यों का भाग बनने जैसी रोज़मर्रा की गतिविधियों से भी प्राप्त होती है।

**5: मित्र बनें**
मित्र वह होता है जो आपका ध्यान रखता है। हम चाहते हैं कि युवा लोग अपने आप को ऐसे समुदाय का हिस्सा समझें जो उस समय उनका ध्यान रखता है जब वह अपने करियर मार्ग के बारे में सोच रहे होते हैं। युवा लोगों की सहायता करने वाले लोगों में शामिल हैं: उनके माता-पिता के रूप में **आप**, युवा कार्यकर्ता, पड़ोसी, परिजन, मित्र और नियोक्ता या आपके समुदाय के वयोवृद्ध लोग।

*अभिस्वीकृति: करियर विकास के हाइ फाइव (पांच उपयोगी सुझावों) का निर्माण Dave Redekopp और दूसरों के द्वारा किया गया था*



# तीसरी वर्कशॉप - नौकरियाँ


1. **नौकरी तलाशना – इसे कैसे करना चाहिए**
2. **युवा लोग और टेलीफोन**
3. **नौकरी की तलाश करने में मदद करने वाली संस्थाएँ और सेवाएँ**
4. **करियर और ट्रांज़िशन (अवस्थांतर) कार्यक्रम**
5. **योग्यताओं का अभाव**
6. **पहली नौकारी – प्रत्येक युवा कार्यकर्ता को क्या जानकारी होनी चाहिए**
7. **कार्यक्षेत्र में डराने-धमकाने वाले, हिंसात्मक और भेदभावपूर्ण व्यवहार**


## नौकरी तलाशना – इसे कैसे करना चाहिए

नौकरी की तलाश करना कठिन कार्य हो सकता है और इसमें लम्बा समय लग सकता है। नौकरी मिलने का 'सकारात्मक जवाब' सुनने से पहले कई बार 'नकारात्मक जवाब' सुनना पड़ सकता है। अपने बच्चे/अपनी बच्ची को सकारात्मक बने रहने और कोशिश करते रहने में सहायता करें। नौकरी की तलाश करते समय आपके लिए निम्नलिखित करना आवश्यक है:

- नौकरी के रिक्त पदों का पता लगाना
- किसी पद या नौकरी के बारे में जितना हो सके पता लगायें
- नौकरी के लिए आवेदन करें
- इंटरव्यू में भाग लें

अपने बच्चों को नौकरी की तलाश करने में मदद करने के लिए, आपको धैर्य की ज़रुरत होगी और साथ ही आपको यह स्पष्टता होनी चाहिए कि नौकरी की तलाश करने के लिए उन्हें कौन सी विभिन्न चीज़ें करने की ज़रूरत है और इसके विभिन्न चरण क्या हैं। इस वेबसाइट myfuture.edu.au पर कई विचार और सुझाव दिए गए हैं। Getting Started > Prepare to apply for jobs पर जाएं।

### नौकरी के रिक्त पदों की तलाश करना

ऐसे बहुत से स्थान हैं जहाँ युवा लोग नौकरी के रिक्त पदों की तलाश कर सकते हैं:



- **मित्र एवं रिश्तेदार:** अपने मित्रों व रिश्तेदारों से पूछना याद रखें कि क्या उन्हें किन्हीं आने वाले पदों की जानकारी है। ऑस्ट्रेलिया में, 80% नौकरियों के लिए विज्ञापन नहीं दिया जाता है और 70% नौकरियाँ आपके नेटवर्क (संपर्कों) के माध्यम से भरी जाती हैं!

- **नियोक्ता:** जिन संस्थाओं के लिए वह कार्य करना चाहते हैं उन्हें टेलीफोन करें, उन्हें पत्र लिखें या उनसे मिलने जाएँ।

- **समाचार-पत्र:** स्थानीय, राज्यकीय और राष्ट्रीय/अंतरराज्यीय समाचार-पत्र नौकरी के रिक्त पदों को प्रकाशित करते हैं। बुधवार और शनिवार नौकरी के विज्ञापनों के मुख्य दिन हैं।

- **Centrelink**: स्थानीय Centrelink कार्यालय या Job Services Australia प्रदाता के यहाँ जाएँ और ऑस्ट्रेलियन जॉबसर्च डेटाबेस पर नौकरियों को देखने लिए टच स्क्रीन (इन्हें कीओस्क भी कहते हैं) का प्रयोग करें।
- **करियर सलाह सेवाएँ:** नियोक्ता अक्सर स्कूलों को रिक्त पदों के बारे में सूचित करते हैं, और स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों के लिए आवेदन प्रपत्र प्रदान करते हैं। करियर टीचरों को स्कूल को सूचित किए जाने वाले नौकरी के रिक्त पद के बारे में पता होना चाहिए।

- **रोज़गार संस्थाएँ:** किसी Job Services Australia प्रदाता की नि:शुल्क सेवाओं के अलावा, ऐसी संस्थाएँ भी मौजूद हैं जो शुल्क लेकर नौकरी की तलाश करने वाले लोगों का मेल नौकरी के रिक्त पदों के साथ करती हैं। इन संस्थाओं का पता येलो पेजेस या जॉबसर्च की वेबसाइट पर लगाया जा सकता है। यदि आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची की मदद करने के लिए किसी बढ़िया स्थानीय संस्था का पता लगाना चाहते/चाहती हैं, तो अपने स्थानीय काउंसिल युवा सेवा विभाग से संपर्क करें। अधिकांश संस्थाएँ आवेदकों से रजिस्ट्रेशन या आवेदन प्रपत्र पूरा करने का निवेदन करेंगी। कभी-कभी आपको अपनी कम्पयूटर, अंग्रेज़ी व गणित की योग्यताओं की जांच करने के लिए छोटे टेस्ट करने चाहिए।

- **सूचना पत्र:** दुकानों की खिड़कियों, सामुदायिक नोटिस बोर्ड, किसी व्यापार के सामने के प्रवेश द्वार के साइन बोर्डों और फैक्टरी गेट के बाहर सूचना पत्रों की जाँच करें।

- **इंटरनेट:** बहुत सी वेबसाइट्स पर नौकरियों के रिक्त पदों की सूची दर्शायी जाती है। अधिकांश साइट्स लोगों को ऑनलाइन तरीके से अपने रिज़्यूमे जमा कराने की सुविधा प्रदान करती हैं और आपका बच्चा/आपकी बच्ची नौकरी के रिक्त पदों के आने पर ई-मेल प्राप्त करने के लिए साइन अप भी कर सकता/सकती है


| | |
|---|---|
| Australian Job Search<br>www.jobsearch.gov.au | SEEK Employment<br>www.seek.com.au |
| Career One<br>www.careerone.com.au | Careers Online<br>www.careersonline.com.au |
| My Career<br>www.mycareer.com.au | ऑस्ट्रेलियन राष्ट्रीय भर्ती<br>www.jobfind.com.au |
| पोज़ीशन्स वेकेंट<br>www.positionsvacant.com.au | सीधे नियोक्ता के साथ नौकरियों के लिए आवेदन करें<br>www.applydirect.com.au |
| विकलांगता रोज़गार सेवाएँ<br>www.jobaccess.gov.au | कैजुअल, पार्ट टाइम और एंट्री स्तर की नौकरियाँ<br>www.spotjobs.com |

- **कम्पनी वेबसाइट्स:** अधिकांश कम्पनियाँ और संस्थाएँ अपनी वेबसाट्स पर नौकरी के रिक्त पदों को विज्ञापित करती हैं। **'recruitment'**, **'careers'** या **'human resources'** पर लिंक के लिए होम पेज़ देखें।

- **सरकारी नौकरियाँ** ऑनलाइन भी सूचीबद्ध की जाती हैं। फेडरल गवर्नमेंट (संघीय सरकार) के विभागों में रिक्त पदों को ऑस्ट्रेलियाई लोक सेवा राजपत्र में विज्ञापित किया जाता है, जिसे हर गुरुवार प्रकाशित किया जाता है, और जिसे www.apsjobs.gov.au पर ऐक्सेस किया जा सकता है

  सभी राज्यों में रिक्त पदों की सूची इस वेबसाइट पर देखी जा सकती है:
  www.publicservicejobs.com.au

  राज्य और टेरेटरी सरकारी विभागों में रिक्त पद निम्न साइट्स पर सूचीबद्ध हैं:
  NSW - www.jobs.nsw.gov.au
  NT - www.nt.gov.au/jobs
  QLD - www.jobs.qld.gov.au
  SA - www.vacancies.sa.gov.au
  TAS - www.jobs.tas.gov.au
  VIC - www.careers.vic.gov.au
  WA - www.jobs.wa.gov.au



## नौकरी के बारे में पता लगाना

जिस नौकरी के लिए आप आवेदन कर रहे/रही हैं उसके बारे में जितनी हो सके उतनी जानकारी का पता लगाना महत्वपूर्ण है। यह आपको इस बात का पता लगाने में भी मदद कर सकता है कि क्या यह वही नौकरी ही जिसकी आपको तलाश है। संस्था की वेबसाइट से या संपर्क व्यक्ति से फोन पर बात करके नौकरी के बारे में पता करें।

माता-पिता, यह सुनिश्चित करें कि फोन आपके किशोर (टीनैजर) द्वारा किया जाता है। यदि आप फोन करते/करती हैं तो ऐसा हो सकता है कि नियोक्ता इस बात से आश्चर्यचकित हों कि फोन आपके किशोर ने क्यों नहीं किया है। फोन करना उन्हें पहल करने का प्रदर्शन करने हेतु सक्षम बनाता है – अर्थात वह नौकरी करने के लिए उत्सुक हैं और विश्वसनीय रूप से जो उन्हें चाहिते उसके बारे में भी पूछ सकते हैं। नौकरी में उन्हें इन सभी योग्यताओं की ज़रुरत होगी।

फोन करने से पहले अपने युवा व्यक्ति को यह योजना बनाने में मदद करें कि वह कौन से प्रश्न पूछना चाहते हैं। यदि पोज़ीशन डिस्क्रिप्शन उपलब्ध हो तो **हमेशा** उसे पढ़ें। पोज़ीशन डिस्क्रिप्शन्स नौकरी से संबंधित और उस नौकरी को करने में सक्षम होने के लिए आपके लिए ज़रुरी योग्यताओं से संबंधित बहुत सी जानकारी प्रदान करती हैं।

## नौकरी के लिए आवेदन करना

जब आप अधिकांश पोज़ीशनों (पदों) के लिए आवेदन करते/करती हैं, तो आपको एक **कवर लेटर (व्याख्या-पत्र)** लिखने की आवश्यकता होगी। यह एक औपचारिक पत्र होता है जिसमें भूमिका के प्रति आपकी रूचि का वर्णन किया जाता है और भूमिका के लिए आपकी योग्यताओं को संक्षेप में दर्शाया जाता है।

आपको भूमिका के **Key Selection Criteria (चयन के मुख्य मानदण्डों)** को पूरा करने की आवश्यकता होगी। key selection criteria (चयन के मुख्य मानदण्डों) को आम-तौर पर पोज़ीशन डिस्क्रिप्शन में सूचीबद्ध किया जाता है। ये वह आवश्यक योग्यताएँ और कौशल होता है जिनका उस नौकरी को प्राप्त करने वाले व्यक्ति के पास पहले से होना आवश्यक है।

आपको या तो एक **रिज़्यूमे** (वर्तमान समय तक आपके करियर या कार्य के इतिहास का सार) या फिर **करिकुलम विटे** (स्कूली शिक्षा, पढ़ाई, वर्तमान समय तक के कार्य और स्कूल या कार्य के बाहर के शौक/रूचियों का सार) की ज़रुरत होगी।

## कवर लेटर (व्याख्या-पत्र) कैसे लिखना चाहिए

आप स्वयं या कोई अन्य परिजन/मित्र, पड़ोसी या वयोवृद्ध नौकरी के लिए आवेदन करने में आपके किशोर (टीनैजर) की सहायता कर सकते हैं। आपके किशोर (टीनैजर) के लिए कुछ सुझाव यहाँ दिए गए हैं जो उनकी सहायता कर सकते हैं।

**पत्र लिखने से पहले:**

1. पता लगायें कि क्या कोई पोज़ीशन डिस्क्रिप्शन उपलब्ध है, और एक-एक करके 'key selection criteria' पर विचार करें।

2. आप स्वयं या कोई अन्य व्यक्ति आपके किशोर (टीनैजर) के साथ key selection criteria को पढ़कर उनकी मदद कर सकते हैं। उनसे यह लिखवाएँ कि वह हर आवश्यकता को कैसे पूरा करते/करती हैं। इससे नौकरी के लिए इंटरव्यू की तैयारी करने में भी मदद मिलेगी। यदि चयन मानदण्डों को सूचीबद्ध नहीं किया गया है, तो आपका किशोर (टीनैजर) नियोक्ता से संपर्क कर्के उनके यह पूछ सकता है कि क्या चयन मानदण्ड उपलब्ध हैं। कवर लेटर के कुछ सैम्पल या टेम्पलेट खोजें। www.youthcentral.vic.gov.au पर "Applying for Jobs" के तहत कुछ बढ़िया उदाहरण दिए गए हैं। संक्षेप में, यह निम्नलिखित क्रम का अनुसरण करते हैं:

- **शुरुआती पैराग्राफ़:** अपने प्रयोजन का वर्णन करें और पाठक को पढ़ना जारी रखने का कोई कारण प्रदान करें। यह बतायें कि आप किस पोज़ीशन (पद) के लिए आवेदन कर रहे/रही हैं और यदि कोई रेफरेंस नम्बर हो तो उसे लिखें। यह उल्लेख करें कि आपको नौकरी के इस रिक्त-स्थान के बारे में कैसे पता लगा (जैसे कि स्थानीय समाचार-पत्र, किस वेबसाइट पर आदि) और संक्षेप में यह वर्णन दें कि इस पोज़ीशन (पद) के प्रति आपकी रूचि क्यों है।
- **दूसरा पैराग्राफ़:** यह दर्शायें कि आप यह नौकरी कर सकते/सकती हैं। अपने अनुभव, कौशल और योग्यताओं का मेल नियोक्ता द्वारा पूछी गई आवश्यकताओं से करें। दो से तीन ऐसी बातों का प्रयोग करें जो उन्हें आकर्षक लगें और आप जो प्रदान कर सकते/सकती हैं उसपर ध्यान केन्द्रित करें।
- **तीसरा पैराग्राफ़:** यह दर्शायें कि आप नौकरी करने के इच्छुक हैं और संस्था के लिए उपयुक्त उम्मीदवार हैं। विज्ञापन के किन्हीं शेष वर्णनों को संबोधित करें, जैसे कि उपलब्धता, परिवहन ज़रुरतें या प्रारम्भ करने की तिथि, उदाहरणत: *मैं सप्ताहांत या शाम में काम करने के लिए उपलब्ध हूँ और अपने वर्तमान नियोक्ता को दो सप्ताहों का नोटिस देकर मैं काम शुरु कर सकता/सकती हूँ।*

- **चौथा पैराग्राफ़:** आवेदन पर ग़ौर करने के लिए पाठक का धन्यवाद करें और अपने नत्थी रिज़्यूमे/ CV और दूसरे अटेचमेंट्स का हवाला दें। यह दर्शाएँ कि आप अपने आवेदन पर विचार-विमर्श करने के लिए इंटरव्यू की व्यवस्था किए जाने का मान करेंगे/करेंगी।
- **समाप्ति:** यदि आपका अभिवादन शब्द *Dear Sir/Madam* था, तो *Yours faithfully* शब्द के साथ समापन करें। यदि अभिवादन शब्द *Dear Mr/Ms/Dr Smith* था, तो *Yours sincerely* के साथ समापन करें। अपने हस्ताक्षर के लिए कुछ पंक्तियाँ खाली छोड़ें, और उसके नीचे अपना पूरा नाम टाइप करें (लिखें)।

4. 'समाप्ति की तिथि' की जांच करें – इस तिथि तक नियोक्ता को आपका आवेदन मिल जाना चाहिए।

आपके युवा व्यक्ति द्वारा पत्र लिखे जाने के पश्चात, यह सुनिश्चित करें कि वह:
1. दो लोगों को इसे पढ़ने के लिए कहते हैं।
2. 100% निश्चित रहें कि कोई स्पेलिंग या ग्रामर त्रुटि नहीं है।
3. हमेशा कवर लेटर की इलेक्ट्रॉनिक कॉपी अपने पास रखें। इससे इंटरव्यू की तैयारी करने में मदद मिलेगी। इसका यह अर्थ भी है कि भविष्य के पत्रों के लिए आप इसका प्रयोग एक आधार पत्र के रूप में कर सकेंगे/सकेंगी!

## रिज़्यूमे (Resume) या करिकुलम विटे (Curriculum Vitae) कैसे लिखना चाहिए

अधिकांश मामलों में आपके किशोर (टीनैजर) को करिकुलम विटे की बजाए रिज़्यूमे लिखने की आवश्यकता होगी। परन्तु कार्य रिज़्यूमे की शुरुआत या इसके अंत में कार्य या स्कूल के बाहर की अपनी रुचियों और दिलचस्पियों को शामिल करके आप आम-तौर पर इन दोनों का संयोजन भी कर सकते/सकती हैं ।

| रिज़्यूमे | करिकुलम विटे |
|---|---|
| • पिछले 10 से 15 वर्षों के दौरान आपके करियर का सार जिसका प्रयोग मार्केटिंग टूल के रूप में किया जाए<br>• 'मैं' का प्रयोग किए बिना उत्तम पुरुष के रूप में लिखा जाना चाहिए (करियर के उद्देश्य अनुभाग के अलावा)<br>• प्रत्यक्ष वक्तव्यों के रूप में लिखा जाना चाहिए और बुलेट प्वाइंट्स से फॉर्मेट किया जाना चाहिए<br>• विपरीत कालानुक्रमिक क्रम (वर्तमान समय से पीछे चलते हुए)<br>• 15 वर्ष के अनुभव तक के लिए 1, 2 या 4 पन्नों का हो सकता है | • उत्तम पुरुष के रूप में (हर जगह 'मैं' का प्रयोग करें) और निबंध के तौर पर लिखा जाता है<br>• व्यक्ति-विशेष के संपूर्ण जीवन, व्यवसायी और व्यक्तिगत, दोनों का सारांश<br>• कालानुक्रमिक या विपरीत क्रम में लिखा जा सकता है<br>• अनुसंधान, अकादमिक, वैज्ञानिक, चिकित्सीय या CEO के पदों के लिए उपयुक्त<br>• कई पन्नों का हो सकता है |

*R. Fraser द्वारा लिखे How to Write a Winning Resume से रुपान्तरित*

**रिज़्यूमे पर ध्यान केन्द्रित करें:**

रिज़्यूमे उन युवा लोगों के लिए बढ़िया आरम्भ-स्थल होता है जिनकी कार्य पृष्ठभूमि सीमित होती है। यह सुनिश्चित करें कि आप विभिन्न नौकरियों की अलग-अलग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने रिज़्यूमे में थोड़ा बदलाव करते/करती हैं।





रोज़गार संस्थाएँ और युवा सेवाएँ युवा लोगों को रिज़्यूमे लिखने में नि:शुल्क सहायता कर सकती हैं।

आप इन वेबसाइटों से नि:शुल्क रिज़्यूमे टेम्पलेट प्राप्त कर सकते/सकती हैं:
www.office.microsoft.com/en-au/templates/
www.mycareer.com.au

लिखने के एक सरल तथा समनुरुप फॉर्मेट व स्टाइल का प्रयोग करें। आसानी से पढ़े जाने वाले फ़ॉन्ट्स का प्रयोग करें जैसे कि Arial (एरियल) या Times (टाइम्स), और फ़ॉन्ट साइज 10 व 14 के बीच रखें।

शीर्षकों के कुछ सुझाव और उनके नीचे आने वाली सूचना के प्रकार यहाँ दिए गए हैं।





- **संपर्क विवरण:** आपका नाम, पता, टेलीफोन नम्बर और ई-मेल पता।
- **शिक्षा एवं प्रशिक्षण:** आपके द्वारा प्राप्त सर्वोच्च शिक्षा-स्तर को दर्शाएं, और यह कि आपने कब और कहाँ पढ़ाई की। आप अपने द्वारा अध्ययन किए गए विषय और उनके परिणाम शामिल कर सकते/सकती हैं। फर्स्ट-एड (प्राथमिक चिकित्सा) प्रशिक्षण और RSA सर्टिफिकेट शामिल करें और साथ ही यह भी बतायें कि क्या आपके पास ड्राइवर्स लाइसेंस है, इत्यादि।
- **अन्य योग्यताएँ:** आपकी कोई अन्य उपयुक्त योग्यता, विशेषकर अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाएँ बोलना, टाइपिंग स्पीड और सटीकता, ड्राइविंग करना और उपकरणों का संचालन करने के लाइसेंस, या गणित संबंधी योग्यताएँ। आपकी योग्यताएँ किसी संभावी नियोक्ता को आपकी विभिन्न प्रकार की क्षमताओं को दर्शाती हैं।
- **कार्य संबंधी पृष्ठभूमि:** अपने वर्तमान और पुराने रोज़गार का और साथ ही यह विवरण दें कि आपने क्या किया है और क्या हासिल किया है। सबसे पहले अपने हाल ही के अनुभव को सूचीबद्ध करें। नौकरी का शीर्षक (जॉब टाइटल), नियोक्ता का नाम और स्थान, रोज़गार की तिथियाँ, आपके उत्तरदायित्व व कर्तव्यों का विवरण, और प्रत्येक पोज़ीशन (पद) में आपकी उपलब्धियों का विवरण शामिल करें।
- **गतिविधियाँ और रूचियाँ:** सामुदयिक गतिविधियों, आपके द्वारा भाग लिए जाने वाले खेलों और दूसरी रूचियों जैसे कार्यों को शामिल करें। यह अनुभाग वैकल्पिक है। हालाँकि, यह नियोक्ता को आपकी छवि का निर्माण करने में सहायता करता है।
- **रेफरी:** तीन रेफरियों तक को सूचीबद्ध करना आम है, जो आपके अनुभव का विवरण दे सकते हैं और आपकी निजी विशेषताओं पर टिप्पणी कर सकते हैं। प्रत्येक रेफरी का नाम, शीर्षक, उनके नियोक्ता का नाम, कार्य का फोन नम्बर और ई-मेल पता, और नौकरी का शीर्षक (जॉब टाइटल) शामिल करें। उन्हें सूचीबद्ध करने के लिए अनुमति अवश्य माँगे और यह सुनिश्चित करें कि आप उन्हें सूचित करते/करती हैं कि आप कौन सी नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे/रही हैं।

## आप रेफरी के तौर पर किसे प्रयोग करेंगे/करेंगी?

उन संभावी लोगों की सूची बनायें जिनका प्रयोग आपका किशोर (टीनैजर) एक रेफरी के तौर पर कर सकता है। भूतपूर्व या मौजूदा मैनेजर का प्रयोग करना बढ़िया होता है। परन्तु आप स्पोर्ट्स कोच, सामुदायिक या धार्मिक मार्गदर्शक का भी प्रयोग कर सकते/सकती हैं जो आपको अच्छे से जानते हों, या फिर आप पुराने अध्यापकों, इत्यादि का भी प्रयोग कर सकते/सकती हैं।

## इंटरव्यू (साक्षात्कार) से पहले क्या करें

- कम्पनी, नौकरी और व्यापार या सेवा के प्रकार की *खोज* करें। इंटरव्यू लेने वाले व्यक्ति अक्सर यह पता लगाने के लिए प्रश्न पूछेंगे कि आवेदक को भूमिका और कम्पनी के बारे में कितनी जानकारी है। कम्पनी की वेबसाइट शुरुआत करने का एक बढ़िया स्थान होता है  और साथ ही यदि संभव हो तो वहाँ काम करने वाले लोगों से बातचीत करना भी सहायता करता है।
- इंटरव्यू के प्रश्नों का उत्तर देने का *अभ्यास* करें। आप अपनी योग्यतओं और इस बारे में बात करने में सक्षम होने चाहिए कि आप कम्पनी और नौकरी के लिए क्या विशेषताएँ प्रस्तुत करते/करती हैं।
- कुछ ऐसे प्रश्न *तैयार* करें जो आप इंटरव्यू लेने वाले व्यक्ति से पूछेंगे/पूछेंगी। इंटरव्यू की समाप्ति पर आपसे पूछा जाएगा कि 'क्या आप हमसे कोई प्रश्न पूछना चाहते/चाहती हैं'? कुछ ऐसी बातें जो सम्भवत: आपका किशोर (टीनैजर) जानना चाहेगा:
  - ➢ क्या कोई ड्रेस कोड है?
  - ➢ मेरा कार्य करने का स्थान कहाँ होगा?
  - ➢ जिस टीम में मैं काम करूँगा/करूँगी उसमें कितने लोग हैं?
  - ➢ इस पोज़ीशन (पद) में प्रशिक्षण और विकास के क्या अवसर उपलब्ध हैं?
  - ➢ क्या यह एक नई या मौजूदा पोज़ीशन (पद) है?

  इंटरव्यू लिए जाने वाले लोगों की संख्या और इस बारे में पूछने में कोई बुराई नहीं है कि उनके द्वारा निर्णय लिए जाने की संभावना कब है?
- यह सुनिश्चित करें कि आप इंटरव्यू के लिए सही ढंग के वस्त्र पहनते/पहनती हैं और अपने आपको बड़ी अच्छी तरह से प्रस्तुत करते/करती हैं:
  - ➢ साफ, इस्त्री किए हुए, सामान्य कपड़े पहनें जैसे कि गहरे रंग की पैंट या स्कर्ट, शर्ट या टॉप और नौकरी के प्रकार पर निर्भर करते हुए, एक जैकेट।

- यह सुनिश्चित करें कि आपके वस्त्र साधारण हैं और आपके जूते साफ या पॉलिश किए हुए हैं। यह जांच करें कि नाखून साफ हैं, बाल अच्छे से बने हुए या स्टाइल किए हुए हैं और आपने हल्का मेक-अप किया है।
- यात्रा की योजना बनायें। ऑफिस के बाहर 15 मिनट पहले पहुँचे ताकि आप इंटरव्यू से पहले आराम कर सकें। पांच से सात मिनट पहले ऑफिस में प्रवेश करें। मुस्कुरायें और रिसेप्शन पर बैठे व्यक्ति को साफ-साफ अपना परिचय दें। अपना नाम बतायें और यह विवरण दें कि आप यहाँ किस कारणवश आए/आई हैं।

## इंटरव्यू में पूछे जाने वाले आम प्रश्न और इनका उत्तर देने के तरीके



नौकरी तलाशने वाले बहुत से लोग इंटरव्यू में लड़खड़ा जाते हैं क्योंकि उन्होंने पहले से तैयारी नहीं की होती है। आपका किशोर (टीनैजर) इंटरव्यू में कहीं बेहतर महसूस करेगा यदि उसने उसे संभवत: पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकारों के बारे में सोच-विचार करने और अपने उत्तरों का अभ्यास करने में कुछ समय व्यतीत किया होगा। इंटरव्यू में पूछे जाने वाले कुछ आम प्रश्न व इनका उत्तर देने के तरीके नीचे सूचीबद्ध किए गए हैं, साथ ही आपके किशोर के लिए कुछ सुझाव भी दिए गए हैं। या तो आप स्वयं या फिर कोई विश्वसनीय वयोवृद्ध उनके साथ इसका अभ्यास कर सकता है – इसे "मॉक इंटरव्यू (कृत्रिम साक्षात्कार)" कहते हैं।

### चलिए, मुझे अपने बारे में बतायें?

यह प्रश्न अस्पष्ट होता है, परन्तु आप इसका झुकाव अपने पक्ष में कर सकते/सकती हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ज्यादा कुछ न बोलें – कई युवा लोग इस प्रश्न के उत्तर में अपने जीवन की कहानी बयान करने लग जाते हैं। ऐसा न करें। इसकी बजाए, अपने उत्तर में कुछ ऐसी जानकारी शामिल करें जो सीधी उस नौकरी से संबंधित हो जिसके लिए आप आवेदन कर रहे/रही हैं। 'मुझे' हमेशा ... ';' ने आकर्षित किया है, 'मैं' ... ' ' में वास्तव में निपुण हूँ, 'मैं इस क्षेत्र में करियर बनाना चाहता/चाहती हूँ', इत्यादि।

### आप यहाँ नौकरी क्यों करना चाहते/चाहती हैं?

यदि आपने संस्था के बारे में अपनी खोज आदि की है, तो इस प्रश्न का उत्तर देना आसान है। इस बात की जानकारी रखें कि वे क्या करते हैं, और आप कहाँ अनुरूप बैठते/बैठती हैं, फिर संक्षिप्त रूप से यह विवरण दें कि संस्था के बारे में आपको क्या आकर्षित करता है। मुख्यत: कम्पनी या संस्था द्वारा प्रदान किए जाने वाले उत्पाद या उपलब्ध कराई जाने वाली सेवा पर ध्यान दें।

### आपकी योग्यताएँ क्या हैं?

यह अपनी प्रशंसा करने का अवसर है। पहले से ही, दो या तीन ऐसी योग्यताओं का चयन करें जिनके बारे में आपको वास्तव में लगता हो कि ये आपकी क्षमताएँ हैं और फिर किसी ऐसे पुराने समय पर सोच-विचार करें जब अपनी पुरानी नौकरी, स्कूल या खेलकूद जैसी पाठ्यक्रम के अतिरिक्त की गतिविधियों के दौरान आपने किसी चुनौति का सामना किया हो। जहाँ संभव हो, चुनौति के बारे में संक्षेप में बतायें और यह भी बतायें कि आपने किस चुनौति को कैसे पूरा किया। अपने उत्तर को छोटा और स्पष्ट रखने का अभ्यास करें।

### क्या आप स्कूल या कार्य पर की गई किसी गलती का, और फिर इसे आपने कैसे ठीक किया, इसका उदाहरण दे सकते/सकती हैं?

ऐसा न कहें कि आप अपनी किसी गलती के बारे में सोच नहीं पा रहे/रही हैं या फिर आप गलतियाँ नहीं करते/करती हैं। वे यह देखने की उम्मीद करते हैं कि आप इनका सामना कैसे करते/करती हैं। अपनी किसी गलती (बहुत बुरी नहीं, पर फिर भी एक गलती) की ठोस उदाहरण दें और फिर यह वर्णन करें कि आप उसे ठीक करने में कैसे सक्षम बने – यदि आप उसे ठीक नहीं कर पाए – तो यह सुनिश्चित करने के लिए आपने क्या किया कि ऐसा दोबारा घटित न हो।

### क्या कुछ और है जो आप मुझे बताना चाहते/चाहती हैं?

यह आपका अवसर है कि आप सकारात्मक प्रभाव डालें। शायद कोई ऐसा प्रश्न हो जिसके लिए आपने बढ़िया उत्तर तैयार किया हो और जिसे अभी तक पूछा न गया हो। अथवा आप एक छोटा वक्तव्य प्रस्तुत कर सकते/सकती हैं जो इस बारे में हो कि आप उन्हें आपको इस नौकरी पर क्यों रखना चाहिए। बहर हाल, यह वैकल्पिक है – न कहने में कोई बुराई नहीं है, बताने के लिए और कुछ भी नहीं है, परन्तु आपके पास कुछ प्रश्न हैं जिन्हें आप पूछना चाहते/चाहती हैं।

**आपकी कमज़ोरियाँ क्या हैं?**
सबसे खतरनाक प्रश्न। अपनी कमज़ोरी को न्यूनतम करते हुए और अपनी क्षमताओं पर ज़ोर देते हुए इस प्रश्न का सामना करें। व्यक्तिगत विशेषताओं को दूर रखें और व्यावसायिक विशिष्टताओं पर ध्यान दें: “मैं और अधिक प्रभावी प्रस्तुतकर्ता बनने के लिए हमेशा अपनी संचार योग्यताओं को बेहतर बनाने के लिए काम करता हूँ। मैंने हाल ही में एक पब्लिक स्पीकिंग समूह से जुड़ा/जुड़ी हूँ, जो मुझे बहुत सहायक लगता है।”

**हमें आपको नौकरी पर क्यों रखें?**
अपने अनुभवों और व्यक्तिगत विशेषताओं का सार प्रस्तुत करें। “मैं आश्वस्त हूँ, कड़ा परिश्रम करता/करती हूँ और आपके व आपकी कम्पनी के लिए काम करने के लिए तत्पर हूँ। मैं आपकी टीम का एक अहम भाग बनूँगा/बनूँगी।”

**आप यहाँ नौकरी करना क्यों चाहते/चाहती हैं?**
इंटरव्यू लेने वाला व्यक्ति ऐसे उत्तर के प्रत्याशा कर रहा होता है जो यह दर्शाए कि आपने कम्पनी के बारे में खोज की है और आप यहाँ काम करना चाहते/चाहती हैं। उदाहरण के लिए, “मेरे परिवार ने अक्सर यहाँ से खरीददारी की है और मुझे लगता है कि आप अच्छी सेवा प्रदान करते हैं”। “मैंने मुख्य कम्पनियों का चयन किया है जिनकी मिशन स्टेटमेंट्स (लक्ष्यों व मान्यताओं का औपचारिक सार) मेरी मान्यताओं के अनुरूप है, जहाँ मुझे जानकारी होगी कि मैं कम्पनी द्वारा किए जाने वाले कार्य को लेकर उत्सुक हूँ, और यह कम्पनी वांछित विकल्पों की मेरी सूची में बड़े उच्च स्थान पर आती है।”

**आपके लक्ष्य क्या हैं?**
दूरवर्ती भविष्य पर ध्यान देने की बजाए अक्सर दीर्घावधि और मध्यवर्ती लक्ष्यों के बारे में बातचीत करना बढ़िया रहता है। उदाहरण के लिए, “मेरा तात्कालिक लक्ष्य इस उद्योग में एक नौकरी प्राप्त करना है। मेरा दीर्घावधि का लक्ष्य कम्पनी की दिशा पर निर्भर करेगा। मैं प्रत्याशा करता/करती हूँ कि मैं आगे बढ़ते हुए अंतत: एक जिम्मेदाराना पद हासिल करूँगा/करूँगी।”

**आपने अपनी पिछली (वर्तमान) नौकरी क्यों छोड़ी (या छोड़ रहे/रही हैं)?**
यदि आप बेरोज़गार हैं, तो नौकरी छोड़ने के अपना कारण सकारात्मक संदर्भ में बतायें: यदि आप नौकरीशुदा हैं, तो इस बात पर ध्यान केन्द्रित करें कि आप अपनी अगली नौकरी में क्या चाहते/चाहती हैं: “दो वर्ष बाद, मैंने ऐसी कम्पनी की तलाश करने का निर्णय लिया जो टीम-केन्द्रित हो, जहाँ मैं अपने अनुभव में इज़ाफ़ा कर सकूँ।”

**आप अपनी नौकरी में सबसे अधिक संतुष्ट कब थे/थी?**
इंटरव्यू लेने वाला व्यक्ति यह जानना चाहता है कि आपको क्या प्रेरित करता है। यदि आप किसी ऐसे कार्य या प्रोजैक्ट की उदाहरण दे सकते/सकती हैं जिसे लेकर आपने उत्सुक महसूस किया था, तो इंटरव्यू लेने वाले व्यक्ति को आपकी प्राथमिकताओं का अंदाज़ा मिलेगा।

“मैं अपनी पिछली नौकरी में बहुत संतुष्ट था/थी, क्योंकि मुझे सीधे उपभोक्ताओं के साथ काम करने का मौका मिला – मैं लोगों के साथ अच्छे से घुलमिल जाता/जाती हूँ और मुझे समस्याओं का समाधान करने में मदद करना अच्छा लगता है।”

**आप हमारे लिए ऐसा कौन सा कार्य कर सकते/सकती हैं जो दूसरे उम्मीदवार नहीं कर सकते हैं?**

कौन सी बात आपको दूसरों से अलग करती है? इसका उत्तर देने के लिए, आपको अपने बारे में सोचना होगा – अपने अनुभव, कौशल और चरित्र। संक्षेप में सार प्रस्तुत करें: “मेरे पास सुदृढ़ तकनीकी कौशल, और सुदृढ़ ग्राहक सम्बन्ध बनाने की क्षमता है। यह मुझे अपने ज्ञान का प्रयोग करके लोगों को वास्तव में स्पष्ट रूप से बातों का वर्णन करने के सक्षम बनाता है”।

**ऐसी तीन सकारात्मक बातें कौन सी हैं जो आपका पिछला बॉस आपके बारे में कहता था?**
यदि अपनी पिछली नौकरी में आपकी प्रदर्शन समीक्षा (परफार्मेंस रिव्यू) होता था, तो यह समय उसे निकालकर पढ़ने का होगा। यह किसी ओर के शब्दों का प्रयोग करके अपनी प्रशंसा करने का बढ़िया तरीका है: “मेरे बॉस ने मुझे बताया है कि उसके लिए काम करने वाले डिज़ाइनरों में से मैं श्रेष्ठ डिज़ाइनर हूँ। उसे इस बात की जानकारी है कि वह मुझपर निर्भर कर सकता है, और उसे मेरी विनोदपूर्णता (मजाक करने की आदत) पसंद है।”

**आप कितने वेतन की प्रत्याशा कर रहे/रही हैं?**

अपने क्षेत्र में वर्तमान दर की जानकारी रखते हुए इस उत्तर की तैयारी करें। एक संभव उत्तर यह हो सकता है: “मुझे यकीन है कि समय आने पर, हम एक यथोचित राशि पर सहमत हो सकेंगे। सामान्यत: मेरी पृष्ठभूमि से संबंधित किसी व्यक्ति को आप किस श्रेणी में भुगतान करते/करती हैं?”

*इन प्रश्नों को Carole Martin द्वारा लिखे एक लेख से रूपान्तरित किया गया*

## इंटरव्यू की योग्यताओं का अभ्यास करना

किसी वास्तविक नौकरी और पोज़ीशन डिस्क्रिप्शन का प्रयोग करें। दो या तीन व्यक्तियों के समूहों में कार्य करते हुए, उन प्रश्नों की सूची लिखें जिन्हें आप किसी संभावित आवेदक की इंटरव्यू लेते समय पूछ सकते/सकती हैं।

नियोक्ता के रूप में अपनी कल्पना करें। अपने पद से संबंधित ऐसी कौन सी जानकारी है जिसे आप अपने आवेदकों से जानना चाहेंगे?

उपरोक्त में से 3 से 6 प्रश्न चुनें। एक बार आपके द्वारा ऐसा करने के पश्चात, आप में से प्रत्येक व्यक्ति बारी-बारी निम्नलिखित भूमिका निभाएगा:

- ✓ आवेदक
- ✓ इंटरव्यू लेने वाला व्यक्ति
- ✓ पर्यवेक्षक

ध्यान रखे जाने वाली बातें:

- आपने कैसी भावभँगिमा को नोटिस किया? उदाहरणत: आँख से संपर्क, हाव-भाव और अन्य अशाब्दिक संचार।
- आवेदक को पूरी प्रक्रिया के दौरान कैसा महसूस हुआ?
- इंटरव्यू लेने वाले व्यक्ति को पूरी प्रक्रिया के दौरान कैसा महसूस हुआ?
- अपने किशोर (टीनैजर) के साथ इसका अभ्यास करना कितना आसान होगा?

## इंटरव्यू के पश्चात क्या करना चाहिए

अपने किशोर (टीनैजर) के साथ इंटरव्यू के बारे में बात करने के लिए कुछ समय निकालें।

उन्हें क्या महसूस हुआ कि उन्होंने किस चरण में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया? क्या कोई प्रश्न ऐसे थे जिनका उत्तर देना उन्हें चुनौतिपूर्ण लगा? कौन से प्रश्नों का उत्तर देना सबसे आसान था?

यदि आपके किशोर (टीनैजर) को निर्धारित समय-सीमा में कोई जवाब नहीं मिलता है, तो उनसे नियोक्ता को फोन करके यह पूछने के लिए कहें कि चयन प्रक्रिया कैसी चल रही है। बहुत बार फोन करने से नियोक्ता परेशान हो सकता है, परन्तु इंटरव्यू के पश्चात फोन करने से नियोक्ता को यह पता लगता है कि वह नौकरी लेने के लिए तत्पर हैं।

## नौकरी की तलाश करने से संबंधित गतिविधि

1) छोटी-छोटी टीमों में बँटें और नीचे दी गई सूची से आवेदन करने के लिए एक नौकरी का चयन करें
2) इस पद से संबंधित रिक्त स्थानों का पता लगाने के लिए आप जिन सभी स्थानों की जांच कर सकते/सकती हैं उनकी त्वरित सूची लिखें
3) इस नौकरी की तलाश करने और इसके लिए आवेदन करने में मदद करने हेतु आपके पास कौन से संसाधन उपलब्ध हैं?

आपकी टीम ने किस नौकरी का चयन किया?

आपकी टीम ने कौन से ऐसे स्थानों का चयन किया जहाँ वह इस प्रकार के रिक्त पदों की जाँच करेंगे?

इस नौकरी की तलाश करने और इसके लिए आवेदन करने में मदद करने हेतु आपके पास कौन से संसाधन उपलब्ध हैं?

क्या इस व्यवसाय में रोज़गार के रिक्त पदों का पता लगाने में मदद हेतु कोई अन्य कार्य हैं जिन्हें आप कर सकते/सकती हैं?

### *नौकरी की सूची*

- एयर-फोर्स – सामान्य भर्ती
- नर्स
- बिल्डिंग कांट्रेक्टर

- फ़ार्मासिस्ट
- चीज़ मेकर
- वाहन पेंटर
- लाइब्रेरी सहायक
- सरवेयर
- विजुअल मर्चन्डाइज़र
- अप्रेन्ट्स कारपेंटर

## युवा लोग और टेलीफोन



टेलीफोन पर अच्छे तरीके से बात करना सीखना एक महत्वपूर्ण कार्य योग्यता है। हमेशा अपने किशोर (टीनैजर) को रोज़गार या प्रशिक्षण के बारे में स्वयं टेलीफोन करने के लिए कहें। आप निम्नलिखित करके उनकी सहायता कर सकते/सकती हैं:

1. उन प्रश्नों की सूची बनाकर जिन्हें उन्हें पूछने की ज़रूरत होगी।

2. एकसाथ 'फोन स्क्रिप्ट' का अभ्यास करना। नीचे वो बातें लिखी गई हैं जिनकी उन्हें प्राप्तकर्ता के फोन उठाए जाने के क्षण से कहने की ज़रुरत होगी। एक बार इसके समाप्त होने के पश्चात, अपने किशोर (टीनैजर) के साथ बैठें और उनके फोन करने से पहले उनकी अपनी स्क्रिप्ट का अभ्यास करने हुए उन्हें सुनें। (माता-पिता नियोक्ता की भूमिका निभा सकते हैं)।

स्क्रिप्ट की एक उदाहरण नीचे दी गई है।

1. हेलो, मेरा नाम..............है और मैं........................................................ (उदाहरणत: रिटेल सहायक) पद के बारे में...............................से बात करने के लिए फोन कर रहा/रही हूँ
2. जब वह व्यक्ति फोन पर आ जाए तो कहें ... कि हेलो, मेरा नाम........................है और मैं रिटेल सहायक के पद के बारे में फोन कर रहा/रही हूँ।
3. ऐसा हो सकता है कि नियोक्ता यह कहे – अरे हाँ, आप क्या जानना चाहते/चाहती हैं? आवेदक कह सकता है ... कि धन्यवाद, मैं कुछ प्रश्न पूछना चाहता/चाहती हूँ।
4. प्रश्नों की सूची लिखित रूप में अपने सामने रखें, प्रश्न निम्न प्रकार के हो सकते हैं:
   - क्या कोई पोजीशन डिस्क्रिप्शन उपलब्ध है?
   - इसमें कौन सी जिम्मेदारियाँ शामिल हैं?
   - सफल उम्मीदवार के पास कैसा कौशल या अनुभव होना चाहिए?
   - कार्य-समय क्या हैं?
   - आप इंटरव्यू कब लेना चाह रहे/रही हैं?
   - कार्यभार कब शुरू होगा?
5. आप अपने बारे में, और नौकरी को लेकर आपकी रूचि के बारे में कुछ जानकारी प्रदान करने की पेशकश कर सकते/सकती हैं।
6. नियोक्ता को उनके समय के लिए धन्यवाद दें।

### टेलीफोन कोचिंग का अभ्यास करना

जोड़ों में और उपरोक्त उदाहरण स्क्रिप्ट का प्रयोग करके, फोन करने वाले युवा व्यक्ति और जिसे फोन किया गया हो उस व्यक्ति (नियोक्ता) की बारी बारी से भूमिका निभाएँ।

# नौकरी तलाशने में मदद करने वाली संस्थाएँ और सेवाएँ

### Centrelink (सेंटरलिंक)

Centrelink ऑस्ट्रेलियाई सरकारी संस्था है।
वह विभिन्न प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध कराते हैं, जिनमें शामिल हैं:

- बेरोज़गारी और स्टुडेंट बेनेफिट पेमेंट (विद्यार्थी भत्ता भुगतान)
- यूथ अलाउन्स (युवा भत्ता) और अन्य सरकारी बेनेफिट्स (भत्तों) को क्लेम करने के लिए फॉर्म
- शिक्षा, प्रशिक्षण और रोज़गार कार्यक्रमों व सेवाओं के लिए सूचना और रेफरल
- हेल्थ केयर (स्वास्थ्य देखरेख) कार्ड
- Job Services Australia (जॉब सर्विसिज़ ऑस्ट्रेलिया) से संबंधित सूचना और इसके लिए पंजीकरण
- नि:शुल्क सेल्फ-हेल्प जॉब सर्च सुविधाएँ

- यदि आप यूथ अलाउन्स (जिसे पहले होमलेस अलाउन्स के नाम से जाना जाता था) के 'unable to live at home –घर पर रहने में असक्षम' मानदण्ड के लिए क्लेम कर रहे/रही हैं तो एक सामाजिक कार्यकर्ता उपलब्ध है

**ध्यान दें:** भले ही युवा लोग यूथ अलाउन्स (युवा भत्ते) के लिए पात्र न हों, पर उन्हें Centrelink पर रजिस्टर करना चाहिए, क्योंकि वह फिर भी जॉब सर्विसिज़ जैसी अन्य सेवाओं के लिए पात्र हो सकते हैं।

Centrelink के बारे में और अधिक जानकारी उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:
www.humanservices.gov.au/customer/dhs/centrelink

## Job Services Australia (जॉब सर्विसिज़ ऑस्ट्रेलिया)

Job Services Australia रोज़गार खोजने में सहायता करने हेतु बहुसंख्या में सेवाएँ प्रदान करने वाली संस्था है। Job Services Australia से सहायता प्राप्त करने हेतु आपका Centrelink से रजिस्ट्रड होना आवश्यक है।
Job Services Australia के बारे में और अधिक जानकारी उनकी वेबसाइट www.jobsearch.gov.au पर उपलब्ध है **फोन: 13 62 68**

## युवा लोगों के लिए अन्य सहायता

### प्रशिक्षण अनुपूरक

न्यूस्टार्ट अलाउन्स (न्यूस्टार्ट भत्ता) या पेरेंटिंग पेमेंट (पेरेंटिंग भुगतान) प्राप्त करने वाले उन लोगों के लिए प्रशिक्षण अनुपूरक उपलब्ध है जो अनुमोदित शिक्षा या प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे होते हैं। इसमें पढ़ाई करने वाले लोगों के लिए पाक्षिक भुगतान शामिल है। और अधिक जानकारी के लिए www.centrelink.gov.au/ देखें।

### स्वतंत्र रूप से रहने के भत्ते पर ट्रांज़िशन (अवस्थांतर)

यह एक मुश्त भुगतान है। यह केवल उन युवा लोगों के लिए है जिनका होम केयर (अपने परिवारों से दूर) में आना-जाना लगा रहता है। यह भुगतान घर बदलने, पढ़ाई करने के लिए नामांकन कराने या परिवहन के खर्चों में सहायता करता है। www.tila.org.au

### रोज़गार पथ धन-राशि

रोज़गार पथ धन-राशि का प्रयोग Job Services Australia के कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भर्ती कराने में मदद करने के लिए किया जा सकता है। इसका प्रयोग कार्य संबंधित वस्त्र और सुरक्षा उपकरण जैसी अन्य चीज़ों को खरीदने और यदि नौकरी की तलाश करने के लिए आपको स्थानांतरण करना पड़े तो अल्पावधि के स्थानांतरण खर्चे के लिए भी किया जा सकता है। इस धन-राशि से मदद प्राप्त करने के लिए आपका के साथ रजिस्ट्रड होना ज़रुरी है।

### निजी करियर व्यवसायी

ऑस्ट्रेलिया की करियर विकास संस्था (Career Development Association of Australia - CDAA) करियर विकास व्यवसायियों और सलाहकारों की संस्था है। इनकी एक वेबसाइट है जो करियर सलाहकारों को सूची प्रदान करती है। CDAA के सदस्य करियर नियोजन और निर्णय लेने तथा रिज़्यूमे तैयार करने में मदद करने के लिए योग्य होते हैं। आपको इन लोगों को इनकी सेवा के लिए शुल्क देने की ज़रुरत होगी। www.cdaa.org.au पर जाकर Need Career Services पर क्लिक करें।

# करियर और ट्रांज़िशन (अवस्थांतर) कार्यक्रम

## Youth Connections (यूथ कनेक्शन्स)

Youth Connections एक सरकारी वित्त-पोषण सेवा है जो उन युवा लोगों की मदद करती है जिनका कक्षा 12 या समान शिक्षा स्तर पूरा करने से पहले शिक्षा या प्रशिक्षण को छोड़ने का खतरा अधिकांश होता है। ऐसा हो सकता है कि इन युवा लोगों को वास्तव में आगे की शिक्षा या कार्य पर सफल ट्रांज़िशन (अवस्थांतर) करने में कठिनाई पेश आए। Youth Connections ऑस्ट्रेलियन शिक्षा विभाग (Department of Education) द्वारा वित्त-पोषित है जिसके फलस्वरूप उन युवा लोगों को नि:शुल्क सेवा प्रदान की जाती है जो स्कूल छोड़ चुके होते हैं या जिन्हें स्कूली शिक्षा पूरी करने में कठिनाई आ रही होती है।

Youth Connections के कार्यकर्ता प्रत्येक के लिए अलग-अलग सहायता उपलब्ध कराते हैं ताकि युवा लोगों शिक्षा, प्रशिक्षण या नौकरी में अपना स्थान पा सकें और समुदाय में सक्रिय रूप से भाग ले सकें।

और अधिक जानकारी के लिए या अपने स्थानीय प्रदाता का पता लगाने के लिए www.transitions.youth.gov.au/Sites/transitions देखें

### पार्टनरशिप ब्रोकर्स

स्कूल बिजनस कम्युनिटी पार्टनरशिप ब्रोकर्स (पार्टनरशिप ब्रोकर्स) स्कूलों, TAFEs एवं युनिवर्सिटियों, व्यापार एवं उद्योग और विभिन्न सामुदायिक संस्थाओं के बीच सहभागिताओं का निर्माण करते हैं ताकि व्यक्तिगत युवा लोगों को कक्षा 12 या समान योग्यता पूरी करने और नौकरी या प्रशिक्षण में अपने संपूर्ण सामर्थ्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके। वह श्रेष्ठ अवसरों और मार्गों को तय करने के लिए युवा लोगों और माता-पिता के साथ काम कर सकते हैं।
और अधिक जानकारी या अपने स्थानीय प्रदाता का पता लगाने के लिए देखें: www.transitions.youth.gov.au/Sites/transitions

### नई उद्यम प्रेरणादायक योजना (The New Enterprise Incentive Scheme - NEIS)

नई उद्यम प्रेरणादायक योजना का संचालन ऑस्ट्रेलियन सरकार द्वारा किया जाता है ताकि योग्य बेरोज़गार लोग अपने नए लघु व्यापार को प्रारम्भ कर सकें और इसका संचालन कर सकें। NEIS एक मान्यता-प्राप्त तीन महीने के छोटे बिजनेस मैनेजमेंट कोर्स के माध्यम से सहभागियों का प्रशिक्षण तथा समर्थन करता है और फिर एक वर्ष के लिए व्यापारिक परामर्श तथा सहायता उपलब्ध कराता है। फोन: 13 62 68 www.employment.gov.au/help-available-and-eligibility-neis

### Green Corps (ग्रीन कॉर)

Green Corps एक पर्यावरणीय प्रशिक्षण एवं युवा विकास का स्वयंसेवी कार्यक्रम है जो ऑस्ट्रेलिया के पर्यावरण को बेहतर बनाने की इच्छा रखने वाले 17 से 20 वर्ष की आयु वाले युवा ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए है।

परियोजनाओं के बारे में सूचना या Green Corps प्लेसमेंट के लिए आवेदन करने हेतु, अपने स्थानीय Centrelink से निवेदन करें या www.employment.gov.au/green-corps देखें। सामान्य पूछताछ के लिए 13 62 68 पर फोन करें

### शिक्षा एवं रोज़गार के लिए योग्यताएँ (Skills for Education and Employment - SEE)

शिक्षा एवं रोज़गार के लिए कार्यक्रम उस परिस्थिति में नौकरी की तलाश करने वाले लोगों की मदद करता है जब सामान्य अंग्रेज़ी, रीडिंग, राइटिंग या गणित की योग्यताओं के परिणामस्वरूप उन्हें नौकरी मिलने में मुश्किल आ रही हो।
अपने स्थायी Centrelink से निवेदन करें, फोन: 13 28 50 या वेबसाइट देखें
http://www.humanservices.gov.au/customer/services/centrelink/skills-for-education-and-employment

### व्यक्तिगत समर्थन कार्यक्रम (Personal Support Programme - PSP)

यह कार्यक्रम उन लोगों की मदद करता है जिनकी निजी परिस्थितियाँ उनके लिए कार्यक्षेत्र या सामुदायिक जीवन से जुड़ना मुश्किल बनाती हैं। PSP के बारे में और अधिक जानकारी के लिए अपने स्थानीय Centrelink पर जाएँ।

## योग्यताओं का अभाव

योग्यताओं का अभाव तक घटित होता है जब नियोक्ताओं को कुछ व्यवसायों में रिक्त-पदों को भरने के लिए योग्य लोगों का पता लगाने में कठिनाई होती है। यह उन युवा लोगों के लिए उपयोगी जानकारी है जो अपने करियर की योजना बना रहे हैं। रोज़गार विभाग (Department of Employment) ऑस्ट्रेलियन श्रम बाज़ार में योग्यताओं के अभाव की पहचान करने के लिए अनुसंधान करता है।

DEEWR *Skills Shortages, Australia* के 2012-13 के प्रकाशन के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर निम्नलिखित व्यावसायिक श्रेणियों में कमियाँ मौजूद हैं:

- इंजीनियरिंग व्यवसाय
- ऑटोमोटिव ट्रेड
- फूड ट्रेड
- इलेक्ट्रिशियन और इलेक्ट्रो टेक्नोलोजी
- स्वास्थ्य संबंधी व्यवसाय
- भवन-निर्माण (कन्स्ट्रक्शन) ट्रेड
- चाइल्ड केयर (बालविहार)
- एयर-कंडीशनिंग और रेफ्रिजिरेशन मैकेनिक

राष्ट्रीय योग्यता अभाव की संपूर्ण सूची और साथ ही प्रत्येक राज्य व टेरेटरी (राज्य-क्षेत्र) में अभावों की सूचियों के लिए http://www.employment.gov.au/national-state-and-territory-skill-shortage-information देखें

## पहली नौकरी, प्रत्येक युवा कार्यकर्ता को क्या जानकारी होनी चाहिए

युवा लोगों को अपनी पहली नौकरी की शुरुआत करते समय समर्थन और देखरेख की आवश्यक होती है। उनके पास एक टैक्स फाइल नम्बर, बैंक अकाउंट और सुपरऐनुएशन अकाउंट होना ज़रुरी है।

### कार्य संबंधी अवाड्र्स और शर्तों को समझना




अध्ययन यह भी दर्शाते हैं कि वृद्ध कार्यकर्ताओं की तुलना में युवा लोगों का काम पर शोषण किए जाने की संभावना अधिक होती है। इसलिए सुनिश्चित करें कि आपको यह जानकारी है कि आपका किशोर (टीनैजर) अपने काम को लेकर खुश है और उसे इस बात की जानकारी है कि समस्या पेश आने पर सहायता कहाँ से प्राप्त की जानी चाहिए।

अपने बच्चों को प्रोत्साहित करें कि अपने रोज़गार अनुबंध-पत्र पर हस्ताक्षर करने से पहले वह उसे जांच लें। याद रखें कि पहली नौकरी निम्नलिखित प्रकार की हो सकती है:

- स्वयंसेवी के रूप में
- कार्य अनुभव
- वर्क प्लेसमेंट (कार्य स्थापन)
- पार्ट-टाइम
- कैजुअल
- फुल-टाइम

फेयर वर्क सिस्टम (निष्पक्ष कार्य प्रणाली) ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र प्रणाली है। युवा लोगों के रोज़गार अधिकारों से संबंधित जानकारी के लिए http://fairwork.gov.au/employment/young-workers/pages/default देखें

### सुपरऐनुएशन

आपके किशोर (टीनैजर) के नियोक्ता के लिए यह आवश्यक है कि वह निम्नलिखित के लिए उनके काम करने के सामान्य घंटों की आमदनी के न्यूनतम 9.25% भाग का भुगतान उनके सुपर अकाउंट में करें:

- कम से कम 18 वर्ष और 70 वर्ष से नीचे के लोगों के लिए
- कैलेंडर माह में कम से कम $450 का भुगतान (टैक्स पूर्व) किया गया हो, और
- व्यक्ति फुल-टाइम, पार्ट-टाइम या कैजुअल आधार पर काम कर रहा हो

यदि आपकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो आपके नियोक्ता के लिए तब आपके सुपरऐनुएशन भुगतानों की अदायगी करनी आवश्यक है जब आप प्रति सप्ताह 30 घंटे से अधिक कार्य करते/करती हैं। यह महत्वपूर्ण है कि वह अपने संपूर्ण कार्यकारी जीवन के दौरान एक अकाउंट ही बनाए रखते हैं। हालाँकि, रिटायरमेंट बहुत दूर प्रतीत होती है, पर यह वित्तीय सुरक्षा हेतु उनकी तैयारी का प्रारम्भ है। सुपरऐनुएशन संबंधी सूचना और पूछताछ हेतु **Superannuation Infoline (सुपरऐनुएशन इंफोलाइन)** से 13 10 20 पर संपर्क करें।

### टैक्स और टैक्स फाइल नम्बर

काम करना शुरु करने से पहले आपके किशोर (टीनैजर) को एक टैक्स फाइल नम्बर की आवश्यकता होगी। इसके बारे में सभी आवश्यक जानकारी और टैक्स संबंधी अन्य जानकारी के लिए ऑस्ट्रेलियन टैक्स ऑफिस की वेबसाइट www.ato.gov.au पर जाकर 'Starting Out' पर क्लिक करें। **ऑस्ट्रेलियन टैक्स ऑफिस:** 13 28 61

## बात बिगड़ जाने की परिस्थिति में संरक्षण और सहायता

### फेयर वर्क ओमबड्ज़्मैन (फेयर वर्क लोकपाल)

फेयर वर्क ओमबड्ज़्मैन उन लोगों की सहायता कर सकता है जिनकी कार्यस्थल से संबंधित कोई समस्याएँ या प्रश्न हों। यह कार्यस्थल से संबंधित शिकायतों की जाँच-पड़ताल कर सकता है और कार्यस्थल में समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकता है। ओमबड्ज़्मैन यह भी सुनिश्चित कर सकता है कि नियोक्ता ऑस्ट्रेलिया कार्यस्थल कानूनों की पालना करते हैं।

फेयर वर्क इंफो लाइन: 13 13 94 सोमवार-शुक्रवार: सुबह 8 बजे से शाम 5.30 बजे तक वेब: www.fairwork.gov.au

फेयर वर्क ओमबड्ज़्मैन की YouTube साइट पर वीडियो देखें जो आपके युवा व्यक्ति को अपने अधिकारों को समझने में सहायता करेंगे। https://www.youtube.com/user/FairWorkGovAu

### युनियन

युनियनें कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल में मत प्रकट करने का माध्यम प्रदान कर सकती हैं। वह बेहतर भुगतान, बेहतर कार्यकारी स्तरों, सुरक्षित कार्यकारी परिसरों और रोज़गार सुरक्षा प्राप्त करने में सहायता करके ऐसा करती हैं। युनियन कार्यस्थल में सामूहिक मोल भाव और क्षमता के द्वारा ऐसा करती हैं। युनियन में शामिल होना प्रत्येक ऑस्ट्रेलियन कार्यकर्ता का अधिकार है।

संपर्क: ऑस्ट्रेलियन काउंसिल ऑफ ट्रेड युनियन्स फोन: 1300 362 223 वेबसाइट: www.actu.org.au

## कार्यक्षेत्र में डराने-धमकाने वाले, हिंसात्मक और भेदभावपूर्ण व्यवहार

### कार्यक्षेत्र में डराने-धमकाने वाले व्यवहार से क्या तात्पर्य है?

कार्यक्षेत्र में डराने-धमकाने वाले व्यवहार से तात्पर्य बार-बार दोहराए जाने वाले ऐसे अनुचित व्यवहार से है जो किसी कर्मचारी या कर्मचारियों के समूह के साथ किया जाता है और जो स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है। डराने-धमकाने वाले व्यवहार की उदाहरणों में शामिल हैं:

- मुँह-जुबानी किया गया दुर्व्यवहार
- कर्मचारियों को अलग या पृथक रखना
- मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न
- कार्यकर्ताओं को उनके काम से संबंधित अर्थहीन कार्य देना
- कार्यकर्ताओं को असंभव असाइनमेंट देना
- कुछ कर्मचारियों को असुविधा में डालने के लिए जानबूझ कर काम के रोस्टर बदलना
- जानबूझ कर ऐसी सूचना को छिपाना जो प्रभावी कार्य प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण हो

यदि आपको लगता है कि कार्यक्षेत्र में आपको या आपके किसी जानकार के साथ डराने-धमकाने वाला व्यवहार किया जा रहा है, तो आप राज्य के Workcover authority (वर्ककवर प्राधिकरण) या फेयर वर्क ओम्बड्ज़्मैन से संपर्क कर सकते/सकती हैं, अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखें: www.fairwork.gov.au



कार्यक्षेत्र में हिंसा क्या होती है?
कार्यक्षेत्र में हिंसा पूर्ण रूप से अस्वीकार्य है। कोई भी नौकरी इतनी महत्वपूर्ण नहीं होती कि उसमें हिंसा को बर्दाश्त किया जाए। शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य नौकरी से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता है।

*आप क्या कर सकते/सकती हैं?*

- **लोगों को इसके बारे में बता सकते/सकती हैं –** सहकर्मी, मित्र, परिजन
- **नियोक्ता** (या मैनेजर या सुपरवाइज़र या मानव संसाधन विभाग) **को बता सकते/सकती हैं** उन्हें इसे रोकने के लिए कदम उठाने और घटनाओं को रिकॉर्ड करने का निवेदन करें। (प्रति प्राप्त करें)
- हिंसात्मक घटनाओं की तिथियाँ और समय **रिकॉर्ड** करें। जो हुआ उसे लिखें और इसे करने वाले व्यक्ति का नाम भी लिखें। यदि संभव हो तो टेलीफोन नम्बर और गवाहों के पते भी रिकॉर्ड करें
- **अपने डॉक्टर से संपर्क करें –** डॉक्टर से Work Cover (वर्क कवर) मेडिकल सर्टिफिकेट देने का निवेदन करें।
- **Work Cover (वर्क कवर) क्लेम फॉर्म भरें** (यदि ज़रूरी हो तो)।
- कार्य पर हिंसात्मक घटना के घटने के पश्चात जितनी जल्दी संभव हो **पुलिस से संपर्क करें** ताकि पुलिस प्रमाण रिकॉर्ड कर सके।

आप हमारे राज्य के Workcover authority (वर्ककवर प्राधिकरण) या Fair Work Ombudsman (फेयर वर्क लोकपाल) से संपर्क कर सकते/सकती हैं, अधिक जानकारी के लिए www.fairwork.gov.au देखें।

## कार्यक्षेत्र में भेदभाव से क्या तात्पर्य है?

कार्यक्षेत्र में भेदभाव से तात्पर्य किसी के निजी अभिलक्षणों के आधार पर किए जाने वाले अनुचित व्यवहार से है। यह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हो सकता है। निम्नलिखित कारणों के फलस्वरूप किसी के द्वारा आपसे अनुचित रूप से व्यवहार (भेदभाव) करना या उत्पीड़न (सताना या परेशान करना) कानून के विरूद्ध है:

- जाति
- रंग
- लिंग
- लैंगिक प्राथमिकता
- आयु
- शारीरिक या मानसिक विकलांगता
- वैवाहिक स्थिति
- परिवार या देखरेखकर्ता के रूप में जिम्मेवारियाँ
- गर्भावस्था
- धर्म
- राजनीतिक राय
- राष्ट्रीय मूल
- सामाजिक मूल

राज्य विशिष्ट संरक्षणों के लिए आप हमारे राज्य के Workcover authority (वर्ककवर प्राधिकरण) से संपर्क कर सकते/सकती हैं या आप Fair Work Ombudsman (फेयर वर्क लोकपाल) की वेबसाइट www.fairwork.gov.au से जानकारी प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

या फिर ऑस्ट्रेलियन मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) की वेबसाइट www.humanrights.gov.au/ देखें या उन्हें 1300 656 419 पर फोन करें।




# शब्दावली

**AA:** ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टसशिप

**AAC**: ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टसशिप सेंटर

**ATAR:** ऑस्ट्रेलियन टर्शरी एडमिशन्स रैंक

**CDAA:** करियर डिवेल्पमेंट एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया (ऑस्ट्रेलिया की करियर विकास संस्था)

**DLO:** डिसेब्लिटी लिएज़ॉन ऑफिसर (विकलांगता संपर्क अधिकारी)

**GTO:** ग्रुप ट्रेनिंग ऑरगेनाइज़ेशन (समूह प्रशिक्षण संस्था)

**NDCO:** नेशनल डिसेब्लिटी कॉर्डिनेशन ऑफिसर (राष्ट्रीय विकलांगता समन्वय अधिकारी)

**RTO**: रजिस्ट्रड ट्रेनिंग ऑरगेनाइज़ेशन (पंजीकृत प्रशिक्षण संस्था)

**ASBA:** ऑस्ट्रेलियन स्कूल आधारित अप्रेन्टसशिप

**TAFE**: टैक्नीनल एंड फर्दर ऐजुकेशन (तकनीकी एवं प्रौढ़ शिक्षा)

**VET:** वोकेशनल ऐजुकेशन एंड ट्रेनिंग (व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण)

**करियर:** सभी वैतनिक और अवैतनिक कार्य, ज्ञान-प्राप्ति और जीवन में की जाने वाली भूमिकाएँ जिन्हें हम जीवन-भर करते हैं।

**व्यवसाय:** विभिन उद्योगों या संस्थाओं में समान नौकरियों का एक समूह।

**नौकरी:** एक पद जिसमें हम भुगतान के लिए कार्य करते हैं।

**करियर का क्षेत्र:** व्यवसायों और उद्योगों का एक समूह।

**करियर नियोजन:** करियर नियोजन में ऐसी गतिविधियाँ और कार्य शामिल हैं जिन्हें आप अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए करते/करती हैं।

**यूथ ट्रांज़िशन (युवा अवस्थांतर):** शिक्षा में सहभागिता जिसके फलस्वरूप रोज़गार में अधिक ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) या व्यस्तता घटित होती है।

**मार्ग:** जहाँ कोई व्यक्ति शिक्षा, प्रशिक्षण, समुदाय और व्यक्तिगत जीवन के द्वारा अपनी ज्ञान-प्राप्ति, योग्यता के विकास और जीवन दक्षता का मार्गनिर्देशन करता है और जिसके फलस्वरूप रोज़गार का स्थान प्राप्त होता है।

# useful websites

# उपयोगी वेबसाइटें

**करियर संबंधी सूचना**

| | |
|---|---|
| www.myfuture.edu.au | करियर संबंधित समस्त अनुसंधानों के लिए बढ़िया |
| www.jobguide.education.gov.au | 400 नौकरियों के बारे में जानकारी तथा और भी बहुत कुछ |
| www.alife.net.au | वीडियो आधारित करियर सूचना और एक क्विज़ |
| www.CourseCamel.com | रुचियों का संपर्क पाठ्यक्रम से स्थापित करती है (VIC) |
| www.abc.net.au/acedayjobs/ | विभिन्न करियर के वीडियो। Cool Jobs पर क्लिक करें |
| www.youthcentral.vic.gov.au | Career Profiles (करियर प्रोफाइल्स) पर क्लिक करें |
| www.skillsone.com.au | कोई ट्रेड या योग्यता प्राप्त करने के लिए सैकड़ों वीडियो |
| www.jobsearch.gov.au | Career Information पर क्लिक करके Job Outlook पर क्लिक करें |
| www.gooduniguide.com.au | अनुसंधान करियर और टर्शरी कोर्स |
| www.plumbingcareer.com.au | पलंबिंग करियर |
| www.constructmycareer.com.au | भवन-निर्माण (कन्सट्रक्शन) में करियर |
| www.engineersaustralia.org.au | करियर जानकारी के लिए What is Engineering पर क्लिक करें |
| www.makeit.net.au/ | निर्माण (मैन्यूफैक्चरिंग) में करियर |
| www.zoom2.aerospace.aigroup.asn.au | एयरलाइंस सहित अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी (ऐरोस्पेस) में करियर |
| www.zoom3.aigroup.asn.au/ | बोटिंग उद्योग में करियर |
| www.serviceskills.com.au | सामुदायिक सेवाओं, हॉस्पिटेलिटी, ब्यूटी, खेलकूद एवं मनोरंजन, टूरिज़म, हेयरड्रेसिंग के बारे में जानकारी के लिए Resources पर क्लिक करके ‘The Job I Love’ पर क्लिक करें |
| www.defencejobs.gov.au | डिफेंस फोर्सिस (रक्षा बलों) में करियर |
| www.maapmyfuture.com.au | ऑटोमोटिव (मोटर वाहन) उद्योग में करियर |
| www.ee-oz.com.au/ | Careers पर क्लिक करें: इलेक्ट्रोकोमस और एनर्जी युटिलिटीज़ |
| www.enya.org.au | व्यापार शुरू करने में युवा लोगों की सहायता करने वाली एक साइट |
| www.miningcareers.com/ | माइनिंग (खनन) उद्योग में करियर |
| www.careersthatmatter.com.au/ | स्वास्थ्य एवं सामुदायिक सेवाओं में करियर |

**शिक्षा एवं प्रशिक्षण**

| | |
|---|---|
| www.myuniversity.gov.au | युनिवर्सिटियों और अन्य उच्च शिक्षा प्रदाताओं के बारे में जानकारी |
| www.open.edu.au | ऑस्ट्रेलिया की ओपन युनिवर्सिटियाँ |
| www.year13.com.au | कक्षा 12 से अवस्थांतर (ट्रांज़िशन) करने वाले युवा लोग |

**ऑस्ट्रेलियन अप्रेन्टिस्शिप साइटें**

| | |
|---|---|
| www.australianapprenticeships.gov.au | अप्रेन्टिस्शिप्स संबंधी जानकारी |
| www.aapathways.com.au/ | अप्रेन्टिस्शिप्स संबंधी विवरण |
| www.grouptraining.com.au | उचित प्रशिक्षण कम्पनी का पता लगायें |

**रोज़गार**

| | |
|---|---|
| www.jobsearch.gov.au | नौकरियों और श्रमिक बाजार के लिए उपयोगी |
| www.mycareer.com.au | नौकरी ढूँढने वालों के लिए बढिया सुझाव व सलाह और साथ ही रिक्त पद |
| www.careerone.com.au | स्थानीय समाचार-पत्रों में रिक्त पदों के विज्ञापन, इसमें नौकरी ढूँढने वालों के लिए संसाधन भी शामिल हैं |
| www.youthcentral.vic.gov.au | ‘Jobs & Careers’ के तहत नौकरी ढूँढने वाले युवा लोगों के लिए परामर्श |
| www.applydirect.com.au | सीधे किसी नियोक्ता के साथ नौकरियों के लिए आवेदन करें |
| www.spotjobs.com | कैजुअल, पार्ट टाइम और ऐंट्री स्तर की नौकरियाँ |




आप PACTS वर्कशॉप सीरिज़ के अंत में पहुँच गए/गई हैं.....पर वास्तव में यह मात्र शुरुआत है।

हम आशा करते हैं कि:

- आपने अपने किशोर (टीनैजर) को उसके भविष्य के करियर का नियोजन करने में उसकी सहायता करने के बारे में सीखने का आनन्द लिया है और उनके स्कूल से आगे बढ़कर नौकरी करने या आगे शिक्षा प्राप्त करने के दौरान उनकी सहायता करने को लेकर आप और अधिक आश्वस्त महसूस करते/करती हैं

- वर्कशॉप्स ने आपको एक ऐसे परिसर में अन्य माता-पिता के साथ सीखने का अवसर प्रदान किया है जो आरामदायक और मैत्रीपूर्ण है

- स्कूल आने से कर्मचारियों, प्रदान की जाने वाली सेवाओं और कार्यक्रम के बारे में आपके ज्ञान में वृद्धि हुई है

कृपया कार्यक्रम या वर्कशॉप्स की चर्चा करने के लिए हमसे 03 8306 6300 पर नि:संकोच संपर्क करें।

अंत में, हम भविष्य के सभी प्रसायों में आपको और आपके परिवार को शुभकामनाएँ देते हैं।

सादर सहित,

*Daniela Ascone*

जनरल मैनेजर (महाप्रबंधिका)
**Youth Connect (यूथ कनेक्ट)**

YOUTHCONNECT
Education • Employment • Youth Services

Brotherhood of St Laurence
Working for an Australia free of poverty